*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
24 मई, 2023
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 213

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

झारखंड बोर्ड का 10वीं और इंटर साइंस का रिजल्ट घोषित





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
188100 Subscribers
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 76,000 रु./प्रति किलो |



# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुरीद हुई दुनिया

## ■ सात समंदर पार तक में हो रहा है भारत का सम्मान
## ■ दुनिया का सबसे ताकतवर शख्स ऑटोग्राफ मांगता है
## ■ कोई पैर छूता है, तो कहीं 'लिटिल इंडिया' शहर बस रहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समय तीन देशों की यात्रा के क्रम में ऑस्ट्रेलिया में हैं, जहां एक दिन पहले एक शहर का नाम बदल कर 'लिटिल इंडिया' कर दिया गया है। सिडनी के पास स्थित हैरिस पार्क नामक इस शहर को नया नाम पीएम मोदी की यात्रा के सम्मान स्वरूप दिया गया है। इससे पहले पीएम मोदी की पापुआ न्यू गिनी यात्रा के दौरान वहां के प्रधानमंत्री द्वारा उनके पैर छूने की दुनिया भर में चर्चा हो रही है। जिस तरह पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री ने प्रोटोकॉल तोड़ कर और प्रधानमंत्री मोदी के पैर छूकर भारतीय प्रधानमंत्री का स्वागत किया, वह अकल्पनीय है। ऐसा भारतीय इतिहास में ही नहीं, बल्कि विश्व इतिहास में भी कभी नहीं हुआ। आज का सर्वविदित सत्य यह है कि प्रधानमंत्री मोदी लोकप्रियता के शिखर पर हैं और अब इस बात को उनके विरोधी भी मानने लगे हैं, भले ही विरोध की राजनीति प्रत्यक्ष रूप से उन्हें इस बात को स्वीकार करने से रोक रही हो। जिस तरह अमेरिकी राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी से ऑटोग्राफ मांगा और कहा कि 'यकीन कीजिये, आप बेहद लोकप्रिय हैं। फिल्म एक्टर और मेरे रिश्तेदार भी उस रात्रि भोज का हिस्सा बनाना चाहते हैं, जो हम आपके सम्मान में देनेवाले हैं', इससे साबित होता है कि आज दुनिया भारतीय प्रधानमंत्री की मुरीद बन चुकी है। पिछले नौ साल में प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व मंच पर देश का गौरव बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभायी है, जो काबिले तारीफ है। वैश्विक मंच पर भारत ने पिछले नौ साल में जो स्थान हासिल किया है, वह मामूली नहीं है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता से लेकर जी 20 की अध्यक्षता तक और फिर दुनिया के सबसे ताकतवर समूह जी-7 के शिखर सम्मेलन में विशेष आमंत्रित की हैसियत से भाग लेकर पीएम मोदी ने भारत को दुनिया के कूटनीतिक नेता के रूप में स्थापित कर दिया है। पीएम मोदी की इस उपलब्धि के बारे में विस्तार से बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और सबसे बड़ी आबादी वाला देश वैश्विक मंच पर इतना ताकतवर और प्रभावशाली इससे पहले कभी नहीं था। आज विश्व पटल पर भारत के दबदबे का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया भर में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वीकार्यता लगातार बढ़ रही है। दुनिया का प्रत्येक राष्ट्र प्रमुख प्रधानमंत्री मोदी से मिलना चाहता है, उन्हें सुनना चाहता है। दुनिया का सबसे ताकतवर शख्स, यानी अमेरिका का राष्ट्रपति उनका ऑटोग्राफ मांगता है, तो इंग्लैंड का प्रधानमंत्री उनसे कहता है कि वह उनकी नीतियों पर चलना चाहता है। अमेरिका से लेकर यूरोप और अफ्रीका से लेकर ऑस्ट्रेलिया तक जिस तरह पीएम मोदी ने भारत का परचम लहराया है, वह असाधारण कूटनीतिक सफलता है। इसलिए ग्लोबल लीडर रेटिंग में इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टॉप पर हैं। एक सर्वे में प्रधानमंत्री मोदी को दुनिया का सबसे लोकप्रिय नेता माना गया है। इस सर्वे में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन छठे और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक 10वें स्थान पर हैं। इस रेटिंग में प्रधानमंत्री मोदी 78 प्रतिशत लोगों की पहली पसंद बने हुए हैं।

पीएम मोदी इस समय अपने तीन देशों की यात्रा के क्रम में ऑस्ट्रेलिया में हैं, जहां उनके सम्मान में हैरिस पार्क शहर का नाम ही 'लिटिल इंडिया' कर दिया गया है। दुनिया में यह पहला मौका है, जब किसी देश की सरकार ने किसी दूसरे देश के नाम पर अपने यहां किसी शहर का नाम रखा है। जापान के हिरोशिमा में जी-7 और क्वाड बैठकों में भारत का डंका बजाने के बाद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दो देशों ने सर्वोच्च सम्मान से नवाजा है। पीएम मोदी को पापुआ न्यू गिनी और फिजी के शीर्ष नेताओं ने वैश्विक नेतृत्व के लिए यह सम्मान दिया है। इन देशों ने स्वीकारा कि पीएम मोदी ने संकट के वक्त दुनिया का नेतृत्व किया और कोरोना के वक्त कई देशों को संभाला। इससे पहले जी-7 सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पीएम मोदी के पास जाकर उन्हें गले लगाया और ऑटोग्राफ मांगा था। बाइडेन ने पीएम मोदी से कहा था कि हमारे देश में आपके कई चाहने वाले हैं, इसलिए मेरे साथ डिनर का निमंत्रण स्वीकार कीजिए।



यदि कूटनीतिक मोर्चे पर पीएम मोदी के नौ साल के कार्यकाल की उपलब्धियों की सूची बनायी जाये, तो यह बहुत लंबी हो जायेगी। इस अवधि में भारत की उपलब्धियां वर्षों तक याद की जायेंगी। इस अवधि में देश ने कई क्षेत्रों में बड़े-बड़े मुकाम हासिल किये, जिससे दुनिया भर में भारत की साख और बढ़ी है। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि भारत की इन उपलब्धियों पर भारत के विपक्षी दलों को गर्व का एहसास तक नहीं होता। उन्हें भारतीय जमीन पर विदेशी घुसपैठ की खबर पहले जरूर मिलती है, लेकिन विदेश के किसी शहर का नाम 'लिटिल इंडिया' रखे जाने पर उन्हें गर्व का अनुभव नहीं होता। ये दल सत्ता के लोभ में इतने विघ्नसंतोषी हो चुके हैं कि इन्हें विदेशों में अपने प्रधानमंत्री का सम्मान दिखाई ही नहीं पड़ता। वे यह नहीं देखते कि अमेरिका का राष्ट्रपति दुनिया भर के नेताओं को छोड़ कर भारत के प्रधानमंत्री से गले मिलने पहुंचता है, एक संप्रभु देश का प्रधानमंत्री हवाई अड्डे पर भारतीय प्रधानमंत्री का पैर छूकर अभिवादन करता है, तो एक देश का प्रधानमंत्री भारतीय प्रधानमंत्री से मिलने की खातिर तीसरे देश तक पहुंच जाता है।

पिछले नौ साल के दौरान हर क्षेत्र में भारत का दमखम देखने को मिला। ये साल वाकई में कई मायनों में बहुत ही प्रेरक और अद्‌भुत रहे। अर्थव्यवस्था से लेकर अंतरिक्ष तक, रक्षा से लेकर अंतरराष्ट्रीय कूटनीति तक भारत ने जो कामयाबी हासिल की है, आज उन कामयाबियों का जिक्र यहां करना जरूरी है। भारत अभी दुनिया के 20 ताकतवर देशों के संगठन जी-20 का अध्यक्ष है और इस साल इस संगठन के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। इस साल सितंबर में जी-20 के सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष नयी दिल्ली में जुटेंगे। जी-20 की अध्यक्षता भारत के लिए न सिर्फ गौरव की बात है, बल्कि इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का कद बढ़ेगा, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके कई फायदे भी होंगे। इसके अलावा भारत इस समय शंघाई सहयोग संगठन का भी अध्यक्ष है। चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और पाकिस्तान जैसे सात देशों के साथ भारत एससीओ का पूर्णकालिक सदस्य देश है। इस समूह के सदस्य देश हर साल शिखर सम्मेलन में जुटते हैं, जिसका मकसद क्षेत्रीय सुरक्षा के साथ ही सीमा से जुड़े मुद्दों का हल, आतंकवाद के खिलाफ रणनीति और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देना है। इतना ही नहीं, भारत को पहली बार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवादी निरोधी कमेटी की बैठक की मेजबानी का मौका हासिल हुआ। 2015 के बाद यह पहला मौका था, जब यह बैठक न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय से बाहर किसी दूसरी जगह पर बुलायी गयी थी। बैठक में भारत ने आतंकवाद से जुड़े मुद्दों पर ना सिर्फ दुनिया का ध्यान खींचा, बल्कि बैठक के बाद भविष्य की रणनीति को लेकर घोषणा पत्र भी जारी किया गया। आतंकवाद के खिलाफ रणनीति के लिए भारत का चुना जाना अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के लिहाज से बेहद बड़ी कामयाबी है।

कुल मिला कर कूटनीतिक मोर्चे पर, जहां पोशाक के रंग से लेकर अभिवादन के तरीके तक का अपना महत्व और मतलब है, पीएम मोदी की लोकप्रियता का लगातार बढ़ना भारत की विदेश नीति की सफलता का सूचक है। यह प्रत्येक भारतवासी के लिए गर्व की बात तो होनी ही चाहिए, राजनीति के मैदान का जरूरी मुद्दा भी होना चाहिए।

---


### सिविल सेवा परीक्षा का रिजल्ट घोषित, टॉप पांच में चार लड़कियां

## इशिता किशोर बनी टॉपर, बक्सर की गरिमा लोहिया दूसरे स्थान पर

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2022 का फाइनल रिजल्ट मंगलवार को घोषित कर दिया। इसके पांच टॉपरों में चार लड़कियां हैं। टॉप 10 में 6 लड़कियां शामिल हैं। ग्रेटर नोएडा की रहनेवाली इशिता किशोर ने पहला स्थान हासिल किया है, जबकि दूसरे स्थान पर बक्सर की गरिमा लोहिया हैं। उमा हरति एन ने तीसरा स्थान, प्रयागराज की स्मृति मिश्रा ने चौथा स्थान, मयूर हजारिका ने पांचवां स्थान, गहना नव्या जेम्स ने छठा स्थान, वसीम अहमद भट ने सातवां स्थान, अनिरुद्ध यादव ने आठवां स्थान, कनिका गोयल ने नौवां स्थान और राहुल श्रीवास्तव ने 10वां स्थान हासिल किया है। यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2022 में इस साल 933 अभ्यर्थियों को सफल घोषित किया गया है, जिन्हें नियुक्ति के लिए अनुशंसित किया गया है। इन अभ्यर्थियों में 345 सामान्य वर्ग से, 99 इडब्ल्यूएस से, 263 ओबीसी वर्ग से, 154 एससी वर्ग से और 72 अभ्यर्थी एसटी वर्ग से अनुशंसित किये गये हैं।

इस परीक्षा के जरिये देश के टॉप सरकारी पदों जैसे आइएएस, आइएफएस और आइपीएस पर सेवा देने का मौका देती है। इस साल कुल 11 लाख 35 हजार 697 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से पांच लाख 73 हजार 735 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और अंतिम रूप से आयोग ने 1022 रिक्तियों के सापेक्ष कुल 933 अभ्यर्थियों को ही सफल घोषित किया है। मुख्य परीक्षा में सफल होने वाले लगभग 2529 उम्मीदवारों को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था। इस बार आइएएस की 180 रिक्तियां, आइएफएस की 38, आइपीएस की 200 और ग्रुप ए की 473 और ग्रुप बी की 131 रिक्तियां थीं।


इशिता किशोर। गरिमा लोहिया। उमा हरति एन। स्मृति मिश्रा।

### टॉपरों की सूची

1. इशिता किशोर
2. गरिमा लोहिया
3. उमा हरति एन
4. स्मृति मिश्रा
5. मयूर हजारिका
6. गहना नव्या जेम्स
7. वसीम अहमद भट
8. अनिरुद्ध यादव
9. कनिका गोयल
10. राहुल श्रीवास्तव

### कठिन परिश्रम और मां को है सफलता का श्रेय : इशिता किशोर

सिविल सेवा परीक्षा की टॉपर इशिता किशोर दिल्ली विश्वविद्यालय के एसआरसीसी से स्नातक हैं। 26 वर्षीय इशिता किशोर ने बहुत ही कम उम्र में तय कर लिया था कि वह एक प्रशासनिक अधिकारी बनेंगी। इशिता कहती हैं कि एक वायुसैनिक के परिवार में जन्म लेने के कारण सेवा और कर्तव्य उनके संस्कारों का हिस्सा है। इशिता को यह सफलता तीसरे प्रयास में मिली है। उनकी ख्वाहिश एक आइएएस अधिकारी के रूप में देश की सेवा करने की थी। इशिता ने कहा कि वह अभी भी रिजल्ट को लेकर हैरान हैं। मुझे मेरे परिवार से लगातार सपोर्ट मिला है। इशिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मां को देते हुए कहा कि उनकी सफलता में बहुत लोगों का हाथ है, क्योंकि कोई भी अकेले सफल नहीं बनता। यह पूछे जाने पर कि उन्होंने आइएएस बनने के लिए कितनी कठिन तैयारी की थी, इशिता कहती हैं कि यूपीएससी की परीक्षा वास्तव में कठिन तो है, क्योंकि तीन प्रकार की परीक्षा प्रीलिम्स, मेन और इंटरव्यू के लिए अलग-अलग तीन प्रकार की तैयारी करनी होती है। जो अभ्यर्थी इमानदारी के साथ लगातार कठिन परिश्रम करता रहेगा, उसे उसका रिजल्ट जरूर मिलेगा। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि सफलता मिली है। इशिता किशोर एसआरसीसी में बीए ऑनर्स की छात्रा रही हैं। यूपीएससी मुख्य परीक्षा में वैकल्पिक विषय में तौर पर उन्होंने पॉलिटिकल साइंस और इंटरनेशनल रिलेशंस को रखा था। वह वर्तमान में ग्रेटर नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) उत्तर प्रदेश में रहती हैं। साथ ही उन्होंने अपनी हॉबी के तौर पर मधुबनी पेंटिंग का उल्लेख किया है। उनका परिवार मूल रूप से पटना का रहने वाला है, लेकिन उनकी पढ़ाई-लिखाई दिल्ली में ही हुई है।

---

## मोदी को ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने कहा 'बॉस'

### मोदी बोले, भारत मदर ऑफ डेमोक्रेसी, हमारे लिए पूरी दुनिया एक परिवार

एजेंसी

**सिडनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को सिडनी के कुडोस बैंक एरिना में भारतीय मूल के 20 हजार से ज्यादा लोगों को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, भारत मदर ऑफ डेमोक्रेसी है। हमारे लिए पूरी दुनिया एक परिवार है। भारत-ऑस्ट्रेलिया का रिश्ता भरोसे और सम्मान पर टिका है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पिछले दौरे के वक्त 2014 में वादा किया था कि ऑस्ट्रेलिया को फिर किसी भारतीय पीएम के लिए 28 साल इंतजार नहीं करना पड़ेगा। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के पीएम अल्बनीज ने मोदी की तारीफ करते हुए कहा, मोदी इज द बॉस। पहली बार यहां ऑस्ट्रेलिया में किसी प्रधानमंत्री का इतना भव्य स्वागत हुआ है। पीएम मोदी मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। हम दोनों देश के लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर रिश्तों को और मजबूत करेंगे।



पीएम मोदी ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के संबंधों पर कहा, एक समय था, जब हमारे संबंधों को 3सी (कॉमनवेल्थ, क्रिकेट, करी), 3डी (डेमोक्रेसी, डायसपोरा, दोस्ती) और 3इ (एनर्जी, इकोनॉमी, एजुकेशन) पर आधारित बताया जाता था। मगर अब इन संबंधों का आधार आपसी विश्वास और सम्मान है। उन्होंने कहा कि हिंद महासागर हमें आपस में जोड़ता है। हमारे यहां त्योहार भले ही अलग-अलग मनाये जाते हैं, लेकिन फिर भी हम दिवाली की रौनक और बैसाखी जैसे त्योहारों से जुड़े हुए हैं। हैरिस पार्क कई लोगों के लिए हरीश पार्क हो जाता है। सिडनी के पास भी लखनऊ नाम की एक जगह है। ऑस्ट्रेलिया में कश्मीर, मालाबार जैसे स्ट्रीट से भारत की झलक दिखती है। उन्होंने कहा कि भारत के पास सामर्थ्य और संसाधनों की कोई कमी नहीं है। दुनिया की सबसे बड़ी और युवा टैलेंट फैक्ट्री भारत के पास है। बकौल पीएम मोदी, भारतीय कहीं भी रहें, उनमें एक मानवीय स्वभाव मौजूद रहता है। भारत हर संकट में मदद और समाधान के लिए तैयार रहता है। भारत अपने हितों को सबके हितों से जोड़कर देखता है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रणनीतिक साझीदारी लगातार बढ़ रही है। जल्द ही दोनों देशों के बीच व्यापार दोगुना हो जायेगा।

पीएम मोदी ने भाषण में कई अहम घोषणाएं भी की हैं। उन्होंने बताया कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक-दूसरे की डिग्रियों को मान्यता देने पर बातचीत आगे बढ़ी है। इसका दोनों देशों के विद्यार्थियों को फायदा मिलेगा। वहीं, ब्रिसबेन में भारत का नया वाणिज्य दूतावास खोला जायेगा। भारतीय मूल के लोगों से पीएम ने कहा कि विदेश में रहते हुए भी अपनी जड़ों से जुड़े रहें। आप यहां भारत के राजदूत हैं। मैं आपसे मांग कर रहा हूं कि आप जब भी भारत आयें, अपने साथ ऑस्ट्रेलियाई परिवारों को भी लायें। इससे उन्हें भारत की संस्कृति को समझने का मौका मिलेगा।

www.epaper.azadsipahi.in
24 मई, 2023
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 213
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

केरल के मंदिरों में आरएसएस की शाखा पर रोक, देवस्वम बोर्ड ने कहा : राजनीतिक आयोजन भी नहीं होंगे



त्रावणकोर देवस्वम बोर्ड

# महामहिम को झारखंडी जोहार

## आज झारखंड आ रही हैं राष्ट्रपति : देवघर से शुरू होगा तीन दिनी दौरा

- खूंटी के उलिहातू में भी है कार्यक्रम, तैयारियां पूरी, प्रशासन हाइ अलर्ट पर

### तीन दिन का पूरा कार्यक्रम

**24 मई का कार्यक्रम**
सुबह 8.55 बजे- देवघर एयरपोर्ट पर आगमन
9.30 से 10.10 बजे- बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना
11.20 बजे-देवघर से रांची के लिए प्रस्थान
12.00 बजे-रांची एयरपोर्ट पर आगमन
12.10 बजे- बिरसा चौक स्थित बिरसा मुंडा स्मारक स्थल के लिए प्रस्थान
12.20 बजे- बिरसा चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण
12.30 बजे- अल्बर्ट एक्का चौक के लिए प्रस्थान
12.40 से 12.50 बजे- अल्बर्ट एक्का चौक पर माल्यार्पण
13.10 बजे- राजभवन आगमन
4.40 बजे- झारखंड हाइकोर्ट के लिए प्रस्थान
5 से 6 बजे- झारखंड हाइकोर्ट के नये भवन का उद्घाटन
6.10 बजे- राजभवन आगमन

**25 मई के कार्यक्रम**
8.45 बजे- राजभवन से हेलीपैड के लिए प्रस्थान
9.10 बजे- खूंटी के लिए प्रस्थान
9.30 बजे- बिरसा कॉलेज खूंटी में आयोजित कार्यक्रम
12.45 बजे- राजभवन आगमन
3.30 बजे- ट्रिपल आइटी का दीक्षांत समारोह
5.20 बजे- राजभवन आगमन

**26 मई के कार्यक्रम**
10.45 बजे- राजभवन से रांची एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान
11.10 बजे- दिल्ली के लिए प्रस्थान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने तीन दिवसीय झारखंड दौरे की शुरुआत बुधवार सुबह देवघर से करने जा रही हैं। यहां सबसे पहले वह द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक बाबा बैद्यनाथ का दर्शन-पूजन करेंगी और फिर रांची के लिए रवाना हो जायेंगी। वह देश की चौथी राष्ट्रपति होंगी, जो बाबा के दरबार में हाजिरी लगाने आ रही हैं। इससे पूर्व देश के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद, प्रणब मुखर्जी और रामनाथ कोविंद पद पर रहते हुए बाबा की पूजा-अर्चना कर चुके हैं। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर देवघर में उत्सवी माहौल है। राष्ट्रपति करीब दो घंटा 25 मिनट देवघर में रुकेंगी। उनका 50 मिनट का समय बाबा मंदिर में गुजरेगा। 22 जून 2022 को राष्ट्रपति पद पर आसीन होने के बाद झारखंड में यह उनका दूसरा दौरा है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के झारखंड दौरे को लेकर रांची पुलिस 24 से 26 मई तक हाइ अलर्ट पर रहेगी। देवघर, रांची और खूंटी के बाद राष्ट्रपति रांची में राजभवन में रहेंगी। राष्ट्रपति रांची में हाइकोर्ट के नये भवन के उद्घाटन समारोह और नामकुम स्थित आइआइआइटी के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी। इन जगहों पर भी सुरक्षा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है।



पुलिस मुख्यालय ने रांची पुलिस को ढाई हजार अतिरिक्त बल दिये हैं।

देवघर एयरपोर्ट से बाबा मंदिर तक जाने के रास्ते में दो हजार अतिरिक्त बल की तैनाती की गयी है। खूंटी में भी महिला समूहों के कार्यक्रम में राष्ट्रपति के आगमन को लेकर तैयारी की गयी है। पुलिस मुख्यालय ने आठ सौ अतिरिक्त फोर्स तैनात किये हैं। इन सबके अलावा अलग से ट्रैफिक फोर्स की भी तैनाती की गयी है। 24 मई को बाबा वैद्यनाथ मंदिर में सुबह 6 बजे से 10.30 बजे तक आम श्रद्धालुओं के पूजन और दर्शन पर रोक रहेगी।

**ऊंची इमारतों पर भी तैनात रहेंगे सुरक्षा बल :** रांची में बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से राजभवन तक सुरक्षा के मद्देनजर बहुमंजिली इमारतों पर भी सशस्त्र जवानों की तैनाती की गयी है। डॉग स्कवायड और बम निरोधक दस्ता भी अलर्ट पर है। सोमवार को डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी कौशल किशोर द्वारा संयुक्त आदेश में सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी।

**कौन संभालेगा जिम्मेदारी :** राष्ट्रपति के दौरे को लेकर एडीजी मुख्यालय एमएल मीणा को 24 मई को देवघर में तैनात किया गया है। रांची में 115 इंस्पेक्टर, 717 एसआइ और एएसआइ, पुरुष लाठी बल 2820, महिला लाठी बल 83, सशस्त्र बल 35, बम निरोधक दस्ता तीन, रैप की चार कंपनी डॉग स्क्वॉयड की दो के अलावा तीन टीयर गैस और एटीएस के दो कर्मियों की तैनाती होगी। 24 से 26 मई तक विधि-व्यवस्था को लेकर आठ मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति की गयी है। वहीं, कचहरी चौक पर बनाये गये कंपोजिट कंट्रोल रूम में दो मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे।

**रांची में कारकेड का मॉक ड्रिल :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को देखते हुए भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से राजभवन के बीच मॉक ड्रिल किया गया। एसपी ट्रैफिक, ट्रैफिक डीएसपी समेत पुलिस विभाग के वरीय पदाधिकारी मॉक ड्रिल में शामिल हुए। एयरपोर्ट से राजभवन के बीच ट्रैफिक को रोक कर रखा गया। सेना की 10 बुलेट बाइक की टीम भी मॉक ड्रिल में शामिल हुई।

## झारखंड बोर्ड का 10वीं और इंटर साइंस का रिजल्ट घोषित

# दोनों परीक्षाओं में बेटियों का परचम

- 10वीं में पूर्वी सिंहभूम की श्रेया सनगिरी टॉपर
- इंटर साइंस में रामगढ़ की दिव्या कुमारी टॉप पर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड एकेडेमिक काउंसिल (जैक) की ओर से 10वीं और इंटर का रिजल्ट मंगलवार को जारी हो गया। इंटर कॉमर्स और आट्र्स का रिजल्ट बाद में एक साथ जारी किया जायेगा। 10वीं और इंटर साइंस, दोनों में बेटियों ने टॉप किया है। 10वीं में पूर्वी सिंहभूम की श्रेया सनगिरी और इंटर साइंस में रामगढ़ की दिव्या कुमारी ने टॉप किया है। श्रेया को 490 अंक मिले हैं। झारखंड के शिक्षा सचिव के रवि ने रिजल्ट जारी किया। जैक 10वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में एक बार फिर लड़कियों का दबदबा देखने को मिला है। 95.54 प्रतिशत लड़कियां पास हुईं हैं, तो 95.19 प्रतिशत लड़कों ने बाजी मारी है। जैक के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो ने कहा कि रिकॉर्ड समय में रिजल्ट जारी कर दिये गये। इस बार का पास प्रतिशत 95.38 है। 63.23 प्रतिशत बच्चे फर्स्ट डिवीजन में पास हुए हैं। प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या दो लाख 69 हजार 913 है। सेकेंड डिवीजन में एक लाख 26 हजार 563 बच्चे पास हुए हैं, जबकि 11 हजार 83 बच्चे थर्ड डिवीजन में पास हुए हैं।

**10वीं में कोडरमा के 99 फीसदी से अधिक बच्चे पास :** 10वीं की परीक्षा में कोडरमा जिले के 99 फीसदी से अधिक बच्चे पास हुए हैं। हजारीबाग के 98.155 फीसदी, गिरिडीह के 97.637 फीसदी, चतरा के 97.468 फीसदी, पूर्वी सिंहभूम के 97.315 फीसदी, सरायकेला के 96.926 फीसदी, पलामू के 96.750 फीसदी, धनबाद के 96.191 फीसदी, रामगढ़ के 95.464 फीसदी, बोकारो के 95.447 फीसदी, रांची के 95.332 फीसदी, पाकुड़ के 94.997 फीसदी, गोड्डा के 94.983 फीसदी, गढ़वा के 94.848 फीसदी, साहिबगंज के 94.778 फीसदी, जामताड़ा के 94.226 फीसदी, गुमला के 94.200 फीसदी, दुमका के 93.839 फीसदी, देवघर के 92.959 फीसदी, लातेहार के 91.654 फीसदी, खूंटी के 91.546 फीसदी, लोहरदगा के 90.913 फीसदी, सिमडेगा के 89.847 फीसदी और पश्चिमी सिंहभूम के 88.501 फीसदी बच्चे सफल हुए हैं।

### सफल विद्यार्थियों को सीएम ने दी बधाई



मैट्रिक और इंटर साइंस में सफल होनेवाले विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बधाई दी है। ट्वीट करके श्री सोरेन ने कहा है कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) बोर्ड मैट्रिक और इंटर (साइंस) परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को अनेकानेक बधाई, शुभकामनाएं और जोहार। आप सभी नित नयी ऊंचाइयों को छुएं, यही कामना करता हूं। इस अवसर पर सभी अभिभावकों एवं शिक्षकों को भी हार्दिक बधाई देता हूं।



## कोडरमा में उच्च जोखिम वर्ग के 11 व्यक्ति एचआइवी से संक्रमित



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा कोडरमा जिले में टी आई पार्टनर एनजीओ प्रभा भारती के माध्यम से एचआईवी, एड्स की रोकथाम, बचाव और चिकित्सा संबंधी कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। टीआई पार्टनर एनजीओ प्रभा भारती के माध्यम से कोडरमा जिले में उच्च जोखिम वर्ग के बीच एचआईवी, एड्स की रोकथाम, बचाव , जागरूकता और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु लक्षित हस्तक्षेप कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। जिला अंतर्गत उच्च जोखिम वर्ग के 11 व्यक्ति एचआईवी से संक्रमित पाए गए हैं जिनमें तीन व्यक्ति वित्तीय वर्ष 2022 -23 में जांच के दौरान एचआईवी से संक्रमित पाए गये हैं जिनको नजदीकी एआरटी चिकित्सा केंद्र से जोड़कर एआरटी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

# ऋत्विक कंपनी के अधिकारी की हत्या मामले में दो धराये

आजाद सिपाही संवाददता



**हजारीबाग।** बड़कागांव थानांतर्गत एनटीपीसी कार्यालय के समीप बरवाडीह गांव में चट्टीबरियातू कोल माइंस में कार्यरत ऋत्विक कंपनी के प्रोजेक्ट को-आर्डिनेटर शरत कुमार की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। साथ ही उनके अंगरक्षक राजेंद्र प्रसाद महतो गंभीर रूप से घायल हो गये थे। इस संदर्भ में बड़कागांव थाना कांड सं-156 / 2023 दर्ज कर कांड के उद्भेदन के लिए और गिरफ्तारी के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बड़कागांव अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया था। उपरोक्त टीम के द्वारा गहरायी से अनुसंधान करते हुए पता लगा लिया गया कि इस हत्याकांड का साजिश अमन साहू और कथित मयंक सिंह के निर्देशन पर उसके गैंग के अत्यंत सक्रिय सदस्य चंदन साहू पिता लोकनाथ साहू, साकिन साकूल, थाना पतरातू जिला रामगढ़ के द्वारा अपने अन्य साथियों यथा जयमंगल मिश्रा, पिता स्व उदयनाथ मिश्रा, मो जाहिर अंसारी, उर्फ टैक्सी, पिता-इसराईल अंसारी, अमन साव, पिता-बासूदेव साह, फिरोज अंसारी उर्फ छोटका पिता-सफिक अंसारी, वारिस असारी उर्फ मूसा सभी साकिन साकूल, थाना-पतरातू जिला रामगढ़ के साथ मिलकर रची गयी। इस टीम के सदस्यों द्वारा अप्रैल 2023 में कई बार तथा 4 और 6 मई को भी घटनास्थल तथा ऋत्विक कंपनी के कार्यालय तथा उनके पदाधिकारियों और कर्मियों के आने जाने के रास्ते की रेकी की जा रही थी।

घटना के दिन 9 मई को करीब 8 बजे साकूल गांव, थाना-पतरातू (रामगढ़) में सभी अपराधी एक साथ मिले तथा घटना की योजना को अंतिम रूप दिया। इसके बाद सीधे पकरी बरवाडीह थाना बड़कागांव स्थित घटनास्थल पहुंचकर इंतजार करने लगे। 12 बजे दिन में इन शूटर्स को चंदन साहू और जयमंगल मिश्रा के द्वारा सूचना दी गयी कि शरत कुमार की गाड़ी घटनास्थल के पास पहुंचने वाली है। ये सूचना मिलते ही वारिस उर्फ मूसा और फिरोज उर्फ छोटका हथियार के साथ घटनास्थल पर खड़े होकर गाड़ी का इंतजार करने लगे। जैसे ही शरत कुमार की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची, फिरोज उर्फ छोटका तथा वारिस उर्फ मूसा के द्वारा शरत बाबू को लक्षित करते हुए ताबड़-तोड़ गोली फायर की गयी। इसके उपरांत शरत बाबू के ड्राइवर द्वारा तेजी से भग ाकर गाड़ी को एनटीपीसी कार्यालय, बड़कागांव पहुंचाया गया। फायरिंग के तुरंत बाद चारों शूटर्स मोटरसाइकिल पर बैठ कर हजारीबाग होते हुए रामगढ़ की तरफ भाग गये। इन शूटर्स के द्वारा पूर्व में भी कई आपराधिक घटनाओं का अंजाम दिया गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्तः**-मो. जहीर अंसारी उर्फ टैक्सी, पिता मो इजराइल अंसारी, जयमंगल मिश्रा, पिता-उदयनाथ मिश्रा दोनों साकिन साकूल, थाना पतरातू-जिला रामगढ़

**बरामदगीः**-घटना में प्रयुक्त काला रंग का स्प्लेंडर एनएक्सजी, घटना में प्रयुक्त ग्रे रंग का स्प्लेंडर, दो (02) स्मार्ट फोन

## स्क्रैप कटिंग के दौरान सिर पर लोहा गिरने से मजदूर की मौत



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के जयनगर थाना अंतर्गत हीरोडीह में स्थित गैडे फैक्ट्री में मंगलवार को स्क्रैप कटिंग के कार्य में लगे एक मजदूर पर लोहे का एंगल गिरने से उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार गैड़े फैक्ट्री में पिछले एक महीने से कोलकाता की कंपनी आरकेपीआर विन्मय प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा स्क्रैप कटिंग का कार्य कराया जा रहा है। कार्य के दौरान मंगलवार को बिहार के सिवान निवासी मजदूर प्रमोद साव उम्र 43 वर्ष के सिर पर लोहे का एक एंगल गिर गया। जिसके बाद मजदूर को गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। जहां इलाज के दौरान मजदूर की मौत हो गयी मृतक के पुत्र अंकित ने बताया कि स्क्रैप कटिंग के दौरान कंपनी के द्वारा उनके पिता को सुरक्षा हेलमेट, ग्लब्स और सेफ्टी जूता उपलब्ध नहीं कराया गया था।

## बीडीओ और मुखिया ने किया गड्ढा खोदो अभियान का शुभारंभ

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के भराजो पंचायत अतंर्गत अमनारी में ललिता देवी के आम बागवानी में महात्मा गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत गड्ढा खोदो अभियान का शुभारंभ बीडीओ शाईनी तिग्गा और मुखिया स्वास्तिका कुमारी ने कुदाल से गड्ढा खोद शुभारंभ किया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि यह योजना एक महत्वपुर्ण योजना है। इससे लोगों का जिविकोपार्जन का माध्यम बन जाता है। मुखिया स्वास्तिका कुमारी ने कहा कि इस योजना से धरती हरी-भरी करने के साथ मिश्रीत बागवानी मिश्रित खेती तथा आम और अन्य फलों के उत्पादन से लोग आत्मनिर्भर बनेगें। मौके पर बीपीओ अफरोज अख्तर, विश्वजीत दुबे, निरंजन प्रसाद, उपेंद्र पांडेय लाभुक ललीता देवी, अवधेश प्रसाद समेत अन्य उपस्थित था।

## तिलैया डैम में बोट रेसिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के तिलैया डैम में 11वीं सीनियर राष्ट्रीय ड्रैगन बोट रेसिंग प्रतियोगिता 2023 का आयोजन 15 से 18 जून तक होगा। इसमें देशभर के 20 राज्यों के 500 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इसमें झारखंड के कुल 104 खिलाड़ी भी भाग लेंगे। इससे पहले 12 से 14 जून तक राज्य प्रतियोगिता का आयोजन भी तिलैया डैम में किया जायेगा। 11वीं सीनियर राष्ट्रीय ड्रैगन बोट रेसिंग प्रतियोगिता 2023 के आयोजन समिति की ओर से इसकी तैयारी की जा रही है। भारतीय ड्रैगन बोट महासंघ के महासचिव विनोद वर्मा ने इस संबंध में बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के आधार पर हांगकांग (चीन) में आयोजित होने वाले 19वीं एशियाई खेल 2023 के लिए भारतीय ड्रैगन बोट टीम का चयन किया जायेगा। इस लिहाज से तिलैया डैम में होने वाली प्रतियोगिता महत्वपूर्ण है।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी ने मुखिया के साथ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**चरही ।** चुरचू प्रखंड विकास पदाधिकारी इनदर कुमार ने प्रखंड सभा कक्ष में विधवा बिरधा पेंशन को लेकरमुखिया लोगों के साथ मंगलवार को बैठक किया चुरचू प्रखंड में पांच महिला एंव तीन पुरूष मुखिया है लेकिन बैठक में कुछ महिला मुखिया के पति ने शामिल हुआ इतना ही नहीं पंचायत के विकास कार्य में भी मुखिया पती ही कार्य करता है सिर्फ कागजात में सिग्नेचर करती है कई बार अनेक पंचायत में देखने को मिला है और मंगलवार को बैठक में मुखिया गाइब मुखिया पती को देखा गया है क्या उम्मीद किया जा सकता उस पंचायत का विकास के बारे मे पांच साल वो पंचायत पिछे चला जाएगा जो महिला मुखिया अपने पर निर्भर नहीं है एक दो मुखिया छोड़कर सभी अपने पति पर ही निर्भर है कुछ लोग तो अच्छा से सिग्नेचर भी नही कर पाती है ?से में क्या पंचायत के कार्यालय के बहुत सारे डॉक्यूमेंट पर पढ़ कर क्या सिग्नेचर कर सकती है इस तरह की मुखिया पर प्रखंड विकास पदाधिकारी को संज्ञान में लेना चाहिए।

# यज्ञ करने से व्यक्ति को सत्य मार्ग आसानी से मिल जाता हैः मिथिलेश्वरी शास्त्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**इचाक।** यज्ञ करने से व्यक्ति को सत्य मार्ग आसानी से मिल जाता है, इसलिए सनातन धर्म प्रेमियों को यज्ञ करते रहना चाहिए। 84 लाख योनियों में भटकने के बाद प्रभु की असीम अनुकंपा से मिला यह दुर्लभ मानव शरीर को सद्गति प्राप्त हो सके। यह बातें अयोध्या से पधारी कथा वाचिका मिथिलेश्वरी शास्त्री ने दरिया में आयोजित नव दिवसीय सतचंडी नवाह परायण महायज्ञ के दूसरे दिन प्रवचन के दौरान कहा। जिसका उचित मूल्य यज्ञ और सत्कर्म करने वाला व्यक्ति ही प्राप्त कर सकता है। उन्होंने श्रोताओं को यज्ञ में शामिल होकर भगवान के कथा श्रवण करने की प्रेरणा दिया। इससे पूर्व यज्ञाचार्य गोविंद मिश्र मंच का उद्घाटन वैदिक मंत्रोचार के बीच फीता काटकर किया। वही मंच संचालन प्रो राजेंद्र यादव के द्वारा किया गया।

इस मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष पंकज कुमार मेहता, सचिव लखन कुमार मेहता, कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद मेहता, मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार मेहता, सचिव सुरेश प्रसाद मेहता, कोषाध्यक्ष कुशल चंद मेहता, अर्जुन कुमार मेहता, भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, भाजपा के पूर्वी मंडल अध्यक्ष जयनंदन प्रसाद मेहता, मुख्य पुजारी राम प्रकाश मेहता, जिप सदस्य रेणू देवी, समाजसेवी बिरबल मेहता, छत्रधारी मेहता, सांसद प्रतिनिधि हरिहर मेहता, मुखिया बिना मेहता, पंचायत समिति सदस्य सारो देवी, प्रमोद कुमार मेहता, सुरेश मेहता समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## कोडरमा में होगी ड्रैगन फ्रूट की खेती



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को उपायुक्त आदित्य रंजन ने डोमचांच प्रखंड में जानपुर पंचायत अंतर्गत कालीडीह गांव का दौरा किया जहां पहली बार ड्रैगन फ्रूट की खेती की शुरूआत हो रही है। उपायुक्त आदित्य रंजन और वन प्रमंडल पदाधिकारी ने ड्रैगन फ्रूट का पौधा लगाकर शुरूआत की। उपायुक्त ने गांव में स्थित पेड़ की छांव में बैठकर ग्रामीणों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा स्वरोजगार से जुड़ने के लिए कई महत्वकांक्षी योजनाओं का संचालन किया जा रहा, उन सभी योजनाओं का लाभ लें। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी श्री सूरज कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी डोमचांच उदय कुमार सिंहा, पीएमयू सदस्य धनपाल और अन्य मौजूद थे।

## कोल्ड स्टोरेज निर्माण के लिए डीसी को आवेदन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** प्रखंड में किसानों के द्वारा उपजाए जा रहे फसलों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के उद्देश्य से प्रखंड में कोल्ड स्टोर निर्माण हेतु बड़कागांव उप प्रमुख बचनदेव कुमार के नेतृत्व में बड़कागांव मध्य पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, सांड पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कु प्रसाद एवं कांडतरी पंचायत समिति सदस्य रंजीत चौबे ने हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय को लिखित आवेदन दिया और कहा कि बड़कागांव एक कृषि प्रधान क्षेत्र है जहां सालों भर भिन्न भिन्न प्रकार के फसल उपजाए जाते हैं। लेकिन बाजार में सब्जियों का उचित कीमत ना होने के कारण किसान काफी मायूस हो जाते हैं।कीमत में गिरावट के कारण बहुत सारे किसान अपने फसलों को खेतों में ही छोड़ देते हैं जिससे किसानों की फसल ना चाहते हुए भी बर्बाद हो जाता है। इस वर्ष फूलगोभी की कीमत में भारी गिरावट के कारण किसानों का बहुत नुकसान हुआ। कोल्ड स्टोर न होने के कारण किसानों द्वारा उपजाए गए आलू, प्याज जैसे अन्य फसल घरों में ही रखा जाता है जो कुछ दिनों के बाद सड़ने लगता है। आगे कहा कि कोल्ड स्टोर का निर्माण होने से किसान अपने फसलों को लंबे समय तक कोल्ड स्टोर में सुरक्षित रख पायेंगे उपायुक्त ने बड़कागांव में जमीन देखकर कोल्ड स्टोर खुलवाने का आश्वासन दिया है।

# साइंस की परीक्षा में जीएम इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**इचाक।** इंटरमीडिएट साइंस की परीक्षा में जीएम इंटर कॉलेज साइंस के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जीएम इंटर कॉलेज साइंस के 85 विद्यार्थियों ने जैक द्वारा आयोजित वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें 65 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी तथा 6 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी से पास किए हैं जबकि 14 विद्यार्थी असफल हुए है। महाविद्यालय के टॉप टेन टॉपर विद्यार्थियों में रवि कुमार प्रजापति 416 अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शुभम राज 398 अंक लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है तथा आनंद कुमार 393 अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य शंभू कुमार ने विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को बधाई दिए हैं तथा उसके उज्जवल भविष्य की कामना कि है। महाविद्यालय के सचिव विनय कुमार ने ने कहा कि जीएम इंटर साइंस कॉलेज इंटर साइंस के लिए एक उत्कृष्ट संस्थान है जहां विद्यार्थियों के ज्ञान तथा नैतिकता पर विशेष जोर देती है और इसी का परिणाम है कि विद्यार्थियों का रिजल्ट उत्कृष्ट रहा है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर जीएम इंटर साइंस कॉलेज के शिक्षकों में सुशीला कुमारी, नेहा कुमारी, जयराज, उज्जवल कुमार, इत्यादि शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दिये है।

## डीडीसी ने की जल शक्ति अभियान की समीक्षा



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जल शक्ति अभियान अंतर्गत जल संरक्षण की दिशा में किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। उप विकास आयुक्त ने सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जल संरक्षण की दिशा में किये जा रहे कार्यों को यथा शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने अमृत सरोवर के तहत बनाये जा रहे तालाबों के चारों ओर पौधारोपण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मनरेगा की योजनाओं के क्रियान्वयन में बेहतर फोकस रखें। विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संपन्न बैठक में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रतिनियुक्त पदाधिकारी व कर्मी व पीएमयू सदस्य मौजूद रहे।

## जनसेवकों के धरने को दिया अपना समर्थन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य जन सेवक संघ के आवाह्न पर हजारीबाग जिला जन सेवक संघ के द्वारा 2400 ग्रेड पे घटाकर 2000 ग्रेड पे करने मामले को लेकर जन सेवकों की 15वां दिन भी हजारीबाग समाहरणालय परिसर में धरना जारी। बड़कागांव पंचायत समिति सदस्य सह उप प्रमुख बचनदेव कुमार, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, उपेंद्र कुमार प्रसाद और रंजीत चौबे ने हजारीबाग समाहरणालय परिसर में जाकर जन सेवकों को अपना समर्थन दिया। पंचायत समिति सदस्यों ने कहा कि सरकार के द्वारा पे ग्रेड घटाना अशोभनीय है। जनसेवको से उनके क्षमता से अधिक काम लिया जा रहा है, लेकिन उन्हें प्रोत्साहन राशि नहीं मिल पा रही है। सरकार जल्द से जल्द उनकी मांगों को पूरा करे।

## आंगनवाड़ी केंद्रों का लिया जायजा

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त आदित्य रंजन ने डोमचांच प्रखंड के कलीडीह आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने आंगनवाड़ी केन्द्र का जायजा लेते हुए सेविका व सहायिका को निर्देश देते हुए कहा कि सभी बच्चों का बालमित्र आधारित शिक्षा प्रदान करें विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से उनका संपूर्ण विकास करें। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों में गुणवत्तापूर्ण बदलाव लायें और बच्चों को ठीक से रखना, उनका ध्यान देना, उनका अभिभावकों का काउसलिंग करने की बात कही।

### माध्यमिक परीक्षा और इंटरमीडिएट विज्ञान में कोडरमा जिला पूरे राज्य में प्रथम

# जिला के लिए गौरवान्वित करनेवाला पल : आदित्य रंजन

आजाद सिपाही संवाददाता
संजीव



**कोडरमा।** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा और वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 के विज्ञान संकाय का रिजल्ट मंगलवार को घोषित किया गया। जैक के जारी रिजल्ट में कोडरमा 10वीं और 12वीं में लगातार दूसरी बार अव्वल रहा है। 10 वीं में सबसे ज्यादा 99.04 फीसदी और 12वीं में 97.02 फीसदी छात्र-छात्राएं सफल हुए हैं जो पूरे राज्य में सबसे ज्यादा है। उपायुक्त आदित्य रंजन ने सफलता का श्रेय जिले के सभी शिक्षक, छात्र और अभिभावकों के अलावे शिक्षा विभाग के अधिकारियों व पीएमयू के सदस्यों को दिया है। 10वीं और 12वीं की परीक्षा में टॉप होने का जश्न मंगलवार को समाहरणालय सभागार में केक काटकर मनाया गया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा कि पिछले डेढ़ सालों से जिले में लगातार प्रोजेक्ट रेल और प्रोजेक्ट इंपैक्ट के जरिए वीकली टेस्ट लिया जा रहा है और बच्चों की तैयारी को लेकर मॉनिटरिंग की जा रही है, जिसके परिणाम स्वरूप कोडरमा जिले ने लगातार दूसरे साल 10वीं और 12वीं के रिजल्ट में पूरे राज्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। वार्षिक माध्यमिक परीक्षा में 12525 छात्र-छात्राओं में से 12405 छात्र-छात्राओं ने उत्तीर्ण किया। कुल उपस्थित उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं में प्रथम श्रेणी लाने वाले 9824 द्वितीय श्रेणी प्राप्त करने वाले 2474 और तृतीय श्रेणी प्राप्त करने वाले 107 छात्र-छात्राएं हैं। वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा के विज्ञान संकाय में 1781 छात्र-छात्राओं में से 1728 छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। वार्षिक इंटरमीडिएट परीक्षा 2023 के विज्ञान संकाय में कोडरमा जिला राज्य में प्रथम स्थान पर है। 1728 परीक्षार्थियों में से 1705 प्रथम श्रेणी और 23 द्वितीय श्रेणी प्राप्त किया।

सीएम हाई स्कूल डोमचांच की खुशी राज इंटर में जिला टॉपर रही। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाइक और पीएमयू सदस्य मौजूद रहे।

## इनोवा-स्कॉर्पियो के बीच टक्कर, एक गंभीर, 2 घायल

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही )।** थाना क्षेत्र के बाबा बालक नाथ मंदिर के समीप एनएच-522 पर मंगलवार सुबह इनोवा-स्कॉर्पियो में आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गयी। इस घटना में एक गंभीर और दो घायल हो गये हैं। इनोवा सवार राजधनवार निवासी वेदांत कुमार ने बताया कि वह अपने बीवी-बच्चे और भाई के साथ राजधनवार से रांची जा रहे थे। वहीं स्कॉर्पियों सवार मेघनाथ प्रसाद (40 वर्ष) अपने बेटे और पत्नी के साथ मेरु से बोकारो जा रहे थे। इसी दौरान बाबा बालक नाथ मंदिर के समीप बस को ओवरटेक करने के दौरान इनोवा की सामने से आ रही स्कॉर्पियों से जोरदार टक्कर हो गयी। इसमें स्कॉर्पियों सवार मेघनाथ प्रसाद के 10 वर्षीय पुत्र को गंभीर चोट लगी है। स्थानीय लोगों के पहल पर ईलाज के लिए उसे 108 एंबुलेंस से सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया। इस दुर्घटना में स्कॉर्पियो सवार मेघनाथ प्रसाद को भी चोटें आयी हैं। इनोवा सवार वेदांत कुमार का भाई भी घायल हैं। सूचना मिलते ही टाटीझरिया पुलिस मौके पर पहुंच कर राहत कार्य में जुट गयी थी।

### गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय की दिव्या ने जिले का नाम किया रौशन

# डॉक्टर बनेगी स्टेट टॉपर रामगढ़ की दिव्या

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल का रिजल्ट मंगलवार को जारी किया गया। इंटरमीडिएट में रामगढ़ की दिव्या ने स्टेट टॉपर बन कर रामगढ़ जिले का नाम रोशन किया है। दिव्या को जब इस बात की खबर मिली तो उसे विश्वास ही नहीं हुआ। 479 नंबर लाकर दिव्या ने यह मुकाम हासिल किया है। गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रबंधक को रिजल्ट की खबर मिली तो वह भी खुशी से चहक उठे। स्कूल के प्राचार्य संतोष कुमार ने तत्काल दिव्या और उनके परिजनों को विद्यालय में बुलाया और उन्हें सम्मानित किया।



**माता-पिता और विद्यालय का है बड़ा योगदान :** स्टेट टॉपर दिव्या ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उसके इस मुकाम पर पहुंचने में घरवालों का बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि उनके पिता श्लोक बिहारी रामा एक सिक्योरिटी गार्ड का काम करते हैं और मां कुसुम देवी सिलाई कढ़ाई कर घर के खर्चे में अपना योगदान देती है। लेकिन इसके बावजूद घर में पढ़ाई को लेकर अच्छा माहौल है। उसने कहा कि उसकी मां ने हमेशा उसका हौसला बढ़ाया है। वह हमेशा कहती थी कि लगन लगा कर पढ़ाई करो और डरने की कोई जरूरत नहीं है। दिव्या ने यह भी कहा कि वह रोज पढ़ाई करने स्कूल आती थी। यहां शिक्षकों के द्वारा उसे बेहतर माहौल दिया जाता था। स्कूल के साथ-साथ वह घर में भी अपना वर्क अच्छे से करती थी।

**बचपन से ही पढ़ाई के लिए मैं करती थी गाइड : चंदा सिन्हा**
मध्य विद्यालय भुरकुंडा के शिक्षिका चंदा सिन्हा ने बताया कि शहर के गौशाला मोहल्ला में दिव्या और उसका पूरा परिवार पड़ोसी के तौर पर रहता है। बचपन से ही दिव्या पढ़ने में काफी अच्छी है। पढ़ाई को लेकर जब भी उसे गाइडलाइन चाहिए होता था, वह मेरे पास आती थी। आज उसने जो मुकाम हासिल किया है वह सिर्फ उसकी अपनी मेहनत है।

**मैं आगे मेडिकल की पढ़ाई करना चाहती हूं:** दिव्या ने बताया कि इंटर साइंस में उसने स्टेट टॉप तो किया है, लेकिन उसके आगे की पढ़ाई को लेकर अभी से ही परेशानी सामने आने लगी है। उसकी चाहत है कि वह मेडिकल की पढ़ाई करें। लेकिन उसका परिवार आर्थिक रूप से इतना मजबूत नहीं है कि उसका नामांकन मेडिकल कॉलेज में करा सके। उसने राज्य सरकार से सहयोग करने की अपील की है, ताकि वह अपने आगे की पढ़ाई जारी रख सके।

# ग्रामीणों ने जिंदल कंपनी की सिक्युरिटी बहाली प्रक्रिया का किया विरोध

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** जिंदल कंपनी द्वारा किये जा रहे सिक्युरिटी बहाली प्रक्रिया का मंगलवार को बेरोजगार ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि झारखंड पुलिस और आर्मी के बहाली के मापदंड को दरकिनार करते हुये जिंदल कंपनी स्थानीय बेरोजगार नौजवानो को षड्यंत्र के तहत छाटने के उद्देश्य से अपना खुद का नियम बनाकर 165-170 सेमी. की जगह 173 सेमी लम्बाई मांग रही है। जबकि झारखंड पुलिस और आर्मी के बहाली में 165-170 सेमी. ही लंबाई मांगी जाती है। लेकिन जिंदल कंपनी द्वारा पतरातू के स्थानीय बेरोजगार नौजवानो को लम्बाई के चलते छांटा जा रहा है। इससे स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों में कंपनी के खिलाफ काफी आक्रोश है। ग्रामीणों ने कहा कि इस बहाली प्रक्रिया में संसोधन नहीं किया तो 20 दिनों में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों द्वारा उग्र आंदोलन किया जायेगा। जिसकी सारी जवाबदेही जिंदल कंपनी के मैनजमेंट और सिक्युरिटी हेड की होगी। विरोध करने वालो में बलकुदरा पंचायत के मुखिया विजय मुंडा, कुरसे मुखिया संदीप उरांव, देवरिया विकाश नायक, पूर्व मुखिया शिवप्रसाद मुंडा, पंसस राजू मुंडा, दुर्गा सेना के जिला सचिव नंदकिशोर मुंडा, शशि मुंडा, दिनेश मुंडा, बिनोद मुंडा, आनंद मुंडा, रवि कुमार, ललन मुंडा, दयाशंकर, अमित कुमार, पवन मुंडा, सोनू उरांव, कमलेश कुमार, अमित मुंडा, रवि मुंडा, सिकेन्द्र मुंडा, संतोष साव, रंजीत उरांव, सुरेश साव, रिंकू प्रशाद, भरत लिंडा, ठीनस जयसवाल, संतोष यादव, प्रिंस बेदिया, पवन मुंडा, दीपक पाहन, शुभम मुंडा, आशीष सिंह सहित दर्जनों बेरोजगार नवयुवक शामिल थें।



# चतरा के अभिनव प्रकाश को सिविल सेवा परीक्षा में 279 वां रैंक मिला



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखंड के अभिनव प्रकाश ने प्रखंड या जिला ही नहीं बल्कि झारखंड प्रदेश का नाम रौशन किया है। अभिनव की सफलता पर पूरा झारखंडवासी गौरवान्वित हैं। अभिनव यूपीएससी की परीक्षा में 279 वां रैंक लाकर अपना परचम लहराया है। वह बचपन से काफी मेधावी और मेहनती छात्र रहा है। अभिनव बिहार के बोधगया में अवस्थित ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल से वर्ष प्रारंभिक से लेकर मैट्रिक तक की शिक्षा प्राप्त किया वह 2015 में प्रथम श्रेणी से मैट्रिक की परीक्षा पास की वहीं इंटर की परीक्षा अयप्पा पब्लिक स्कूल बोकारो से प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुआ। वह स्नातक की शिक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय के सस्त्यवती कॉलेज से इतिहास ऑनर्स का कोर्स पूरा किया है। इसके पश्चात जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय से मॉर्डन इतिहास में 2022 में स्नातकोत्तर की पढाई पूरी कर यूपीएससी की तैयारी करने लगा। वह नेट और जेआरएफ में भी सफलता हासिल की। अभिनव हंटरगंज प्रखंड के गोदोवार गांव के बिपिन बिहारी सिंह का पौत्र मनोज सिंह का पुत्र है। अभिनव की इस सफलता पर माता-पिता फुले नहीं समा रहे हैं। वहीं अभिनव भी अपने परिश्रम से अपने माता-पिता का सपना साकार कर दिया। उसके घर में काफी खुशी का माहौल है। अभिनव मध्यवर्गीय परिवार में रहकर यह मुकाम हासिल कर मध्यवर्गीय परिवार के युवाओं में जोश भरने का काम किया है। अभिनव के इस सफलता पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है जिसमें परिजनों के अलावे युगल सिंह, अनिरूद्ध सिंह, रंजीत कुमार, नागेन्द्र सिंह, रवि कुमार रवि, बिहारी सिंह, वृजबिहारी सिंह समेत पूरे जिले के लोग शामिल हैं।

# फैक्ट्री कर्मी की मौत, शव उठाने पर कर्मियों और पुलिस के बीच झड़प



कुजू (आजाद सिपाही)। क्षेत्र के रउता स्थित मैहर एलॉय फैक्ट्री के लोडिंग पॉइंट में ट्रक की चपेट में आने से सो रहे एक फैक्ट्री कर्मी की मौत घटनास्थल पर हो गई। जिसकी शिनाख्त फैक्ट्री कर्मी औरंगाबाद (बिहार) निवासी लवकुश कुमार( 20 वर्ष ) पिता अनिल सिंह के रूप में हुई। वही, घटना के बाद शव उठाव के लिए पहुंची पुलिस के साथ फैक्ट्री के कर्मियों की झड़प हो गई। फैक्ट्री कर्मियों का कहना था कि प्रबंधन द्वारा मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा मिले। इधर, कुजू ओपी परिसर में ओपी प्रभारी विनय कुमार, प्रबंधन और आजसू नेता तिवारी महतो के त्रिपक्षीय वार्ता के बाद मृतक के पिता अनिल सिंह को 12 लाख रुपए का चेक समेत दाह संस्कार हेतु 30 हजार रुपया नगद दिया गया। वही, पुलिस ने पांच फैक्ट्री कर्मियों को झड़प के मामले में हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार, बीती रात करीब एक बजे मजदूर लोडिंग पॉइंट पर लवकुश कुमार सो रहा था। इसी बीच स्पंज आयरन खाली करने आया चालक ट्रक संख्या जेएच24सी- 0213 को बैक करने के क्रम में उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना बाद कुजू पुलिस फैक्ट्री पहुंची। जहां शव को उठाव का प्रयास किया। जहां फैक्ट्री में कार्य कर रहे मजदूरों ने तत्काल मुआवजा राशि की मांग करते हुए शव को उठने से रोक दिया। जिसके बाद मजदूरों व पुलिस के बीच झड़प हो गयी। तत्पश्चात पुलिस जबरन शव को उठाते हुए पोस्टमार्टम के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। वही, पुलिस ने सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के मामले में फैक्ट्री के 5 कर्मियों को हिरासत में लिया है। वही, देर शाम हिरासत में लिए कर्मियों को बांड भरवा कर छोड़ दिया गया।


## DR. SHYAMA PRASAD MUKHERJEE UNIVERSITY
(Following Upgradation of Ranchi College, Ranchi, Under RUSA Programme, Component-I) Ranchi, Jharkhand.

**NOTICE INVITING TENDER** OFFICE OF THE REGISTRAR

The Registrar, Dr. Shyama Prasad Mukherjee University, Morabadi, Ranchi invites sealedTender under Two Bid System (Technical & Financial) for executing the below mentioned work:

| | |
|---|---|
| **Name of work** | Construction of Path ways, Parking, Drains, Rain Water Harvesting (RWH), Under Ground Reservoir and repair of Fine Arts Building (Civil & Electrical Works) at DSPMU, Ranchi. |
| **Estimated tender value** | Rs. 44,84,102.19/- (Rupees Forty Four Lacs Eighty Four Thousand One Hundred Two and Nineteen Paisa Only) |
| **Period of Works** | 05 Months |
| **Tender Fees** | Rs. 15,000/- |
| **Bid Security / Earnest Money Deposit** | EMD Rs. 90,000.00/- (Rupees Ninety Thousand Only) |
| **Security Deposit Money** | Rs. 2,24,000/- (RupeesTwo Lacs Twenty Four Thousand Only) |
| **Date of publishing tender** <br> **Last date of bid submission** | From 24/05/2023, 04:00 PM <br> Upto13/06/2023, 03:00 PM |
| **Date & Time of Opening of technical bid** | 13.06.2023 at 03.30 PM |

The detailed information about the tender document can be obtained from the office of the Section–Officer (General) on working hours or from the University Website:- www.dspmuranchi.ac.in.

Sd/-
Registrar
DSPMU, Ranchi.

**Memo No. :** DSPMU/G/335/23 **Date :** 23/05/2023



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

## संदेश

झारखण्ड राज्य के वन अधिकांशतः उष्ण कटिबंधीय शुष्क पर्णपाती साल तथा मिश्रित प्रजाति के हैं एवं जैव विविधता की दृष्टि से अत्यन्त समृद्ध हैं। वनों के आस–पास रहने वाले राज्यवासियों की जीविका मुख्यतः वनों पर निर्भर है। वनों के शुष्क एवं पर्णपाती होने के कारण गर्मी के मौसम में फरवरी से जून माह तक वन अग्नि की घटनाएं होती हैं तथा अधिकांश वन अग्नि की घटनाएं मानव जनित कारणों से होती हैं यथा, महुआ एवं साल बीज एकत्र करने वाले लोगों द्वारा अक्सर वृक्षों के नीचे साफ–सफाई के लिए जमा सूखे पत्तों को जलाने के क्रम में आग आस–पास के क्षेत्रों में फैलकर भीषण वन अग्नि का रूप धारण कर लेती है तथा वन सम्पदा को नुकसान पहुँचाती है। वन अग्नि की घटनाएं जैव विविधता तथा वन वासियों के वन आधारित जीविकोपार्जन को भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित करती हैं।

राज्य के वन विभाग द्वारा वन अग्नि से वन तथा जन पर होने वाले दुष्परिणामों को देखते हुए व्यापक रणनीति के तहत वन अग्नि से होने वाले नुकसान के बारे में व्यापक जागरूकता अभियान वन अग्नि मौसम में चलाया जाता है एवं जन सहयोग से वन अग्नि प्रबंधन का कार्य किया जाता है। वनों में वन अग्नि की रोकथाम एवं प्रबंधन में स्थानीय समुदाय की सक्रिय रूप से जन–सहभागिता नितान्त आवश्यक है।

मेरी सभी राज्य वासियों, विशेषकर वनों के समीप रहने वाले स्थानीय समुदायों के ग्रामीण भाई–बहनों से अपील है कि वनों की वन अग्नि से सुरक्षा में अपना सक्रिय सहयोग देकर राज्य के प्राकृतिक वन संसाधनों एवं वन्य प्राणियों के संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

**जोहार !**

P.R. 298100 (Forest, Environment and Climate Changes) 23-24





# केंद्र बनाम दिल्ली सरकार

केंद्र सरकार के उस अध्यादेश को लेकर फिर से दिल्ली की केजरीवाल सरकार और केंद्र की सरकार के बीच तलवारें खिंच गयी हैं, जिसमें दिल्ली में ऑफिसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग के लिए अथॉरिटी गठित किये जाने की बात है। शुक्रवार को जारी इस अध्यादेश ने नौकरशाही पर नियंत्रण की दिल्ली सरकार की उस उम्मीद पर पानी फेर दिया है, जो सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के बाद पूरी होती हुई दिखने लगी थी। अध्यादेश लाने के बाद केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ पुनर्विचार याचिका भी दायर कर दी है। इधर दिल्ली सरकार ने जहां अध्यादेश को सुप्रीम कोर्ट में ही चुनौती देने की बात कही है, वहीं तमाम विपक्षी दलों से यह अपील भी की है कि इस अध्यादेश की जगह लाया जाने वाला कोई भी विधेयक राज्यसभा में पारित न होने दिया जाये। केंद्र सरकार की पुनर्विचार याचिका और दिल्ली सरकार की अध्यादेश को निरस्त करने की प्रस्तावित अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट का क्या रुख रहता है और इस अध्यादेश की जगह लाए जाने वाले विधेयक को राज्यसभा में गिरा देने की कोशिशों का आखिरकार क्या नतीजा निकलता है, यह अलग मसला है, लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि इस अध्यादेश के जरिए केंद्र सरकार ने दिल्ली में नौकरशाही पर नियंत्रण को लेकर दिये गये सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया है। इस संदर्भ में कुछ बातें बिल्कुल साफ हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला इस बुनियादी दलील पर आधारित था कि नौकरशाही को जनादेश प्राप्त निर्वाचित सरकार के ही नियंत्रण में होना चाहिए। जनप्रतिनिधित्व पर आधारित लोकतांत्रिक व्यवस्था में यही स्वाभाविक है। इतना ही नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में संघवाद का भी हवाला दिया था। शीर्ष अदालत के मुताबिक अगर केंद्र सरकार को दिल्ली विधानसभा के अधिकार क्षेत्र में आने वाले विषयों के लिए भी अपनी एक्जिक्यूटिव शक्तियों का इस्तेमाल करने की इजाजत दे दी जाये, तो यह संघवाद के सिद्धांतों का घोर उल्लंघन होगा। इन ठोस दलीलों पर आधारित सुप्रीम कोर्ट के तर्कसंगत फैसले को पलटते हुए केंद्र सरकार ने यह अध्यादेश जारी किया है और इसीलिए इसे उचित नहीं माना जा सकता। जहां तक सत्तारूढ़ बीजेपी की इन आशंकाओं का सवाल है कि दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार नौकरशाही पर अपने अधिकार का दुरुपयोग करने वाली है और वह इसका इस्तेमाल अच्छे ऑफिसरों को सताने में करेगी, तो अव्वल तो ये आरोप हैं, फिर भी दो पल के लिए इन्हें सही मान लिया जाये तो भी जनप्रतिनिधियों के नौकरशाही का दुरुपयोग करने की वजह से अगर किसी निर्वाचित सरकार की ताकत छीनी जाने लगे तो अपने देश में शायद ही किसी सरकार के पास कोई ताकत बचे। सौ बातों की एक बात यह है कि केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच की यह रस्साकशी बंद होनी चाहिए। दिल्ली के लोग ऐसे व्यवहार के हकदार नहीं हैं।

**दिल्ली सरकार ने जहां अध्यादेश को सुप्रीम कोर्ट में ही चुनौती देने की बात कही है, वहीं तमाम विपक्षी दलों से यह अपील भी की है कि इस अध्यादेश की जगह लाया जानेवाला कोई भी विधेयक राज्यसभा में पारित न होने दिया जाये।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**डिजिटल इंडिया कार्यक्रम और राष्ट्रीय ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क (एनओएफएन) परियोजना जैसी पहलों के साथ हाल के वर्षों में इंटरनेट कनेक्टिविटी और दूरसंचार इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के लिए भारत सरकार के प्रयास महत्वपूर्ण रहे हैं। इन कार्यक्रमों के अलावा, सरकार ने भारत में डेटा केंद्रों के विकास को सुविधाजनक बनाने और एक मजबूत दूरसंचार इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन और राष्ट्रीय डेटा केंद्र नीति भी शुरू की है।**

# डिजिटल इंडिया का उदय : प्रौद्योगिकी से राष्ट्र का परिवर्तन

राजेश कुमार सिंह

21वीं सदी में सतत आर्थिक विकास तेज गति से तकनीकी प्रगति से प्रेरित है, जिसने हमारे जीने, काम करने और बातचीत करने के तरीके में क्रांति ला दी है। डिजिटलीकरण की दिशा में सरकार ओर से जोर दिये जाने और प्रौद्योगिकी को अपनाये जाने से हाल के वर्षों में भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में उल्लेखनीय बदलाव हुआ है। 1.4 बिलियन से अधिक लोगों वाला भारत देश विश्व स्तर पर इंटरनेट का दूसरा सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है। भारत में 800 मिलियन से अधिक इंटरनेट कनेक्शन हैं और प्रति ग्राहक औसत मासिक डेटा खपत 16 जीबी से अधिक है, जो 2014 के बाद से 266 गुना की चौंकाने वाली वृद्धि है।



डिजिटल इंडिया कार्यक्रम और राष्ट्रीय ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क (एनओएफएन) परियोजना जैसी पहलों के साथ हाल के वर्षों में इंटरनेट कनेक्टिविटी और दूरसंचार इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के लिए भारत सरकार के प्रयास महत्वपूर्ण रहे हैं। इन कार्यक्रमों के अलावा, सरकार ने भारत में डेटा केंद्रों के विकास को सुविधाजनक बनाने और एक मजबूत दूरसंचार इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन और राष्ट्रीय डेटा केंद्र नीति भी शुरू की है। इनके परिणामस्वरूप, व्यवसायों और लोगों को तेज इंटरनेट गति, बेहतर नेटवर्क कवरेज और डिजिटल सेवाओं तक बेहतर पहुंच का लाभ मिल सकता है।

**1.4 बिलियन से अधिक लोगों वाला भारत देश विश्व स्तर पर इंटरनेट का दूसरा सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है।**

अपने दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए, भारत ने एक विश्वस्तरीय डिजिटल सार्वजनिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया है। इंडिया स्टैक भारत में आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले डिजिटल सार्वजनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के एक कलेक्शन से जुड़ा है। यह तीन अलग-अलग लेयर्स : विशिष्ट पहचान (आधार), पूरक भुगतान प्रणाली (एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई), आधार भुगतान ब्रिज, आधार समर्थित भुगतान सेवा) और डेटा एक्सचेंज (डिजिलॉकर और खाता एग्रीगेटर) से बना है। ये सार्वजनिक और निजी सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए ऑनलाइन, पेपरलेस, कैशलेस और गोपनीयता-संरक्षित डिजिटल पहुंच प्रदान करने के लिए मिलकर काम करते हैं।

जन धन, आधार और मोबाइल की तिकड़ी यानी जेएएम ट्रिनिटी - भारत के परिवर्तित डिजिटल भुगतान परिदृश्य के केंद्र में एक महत्वपूर्ण संबल है। प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाइ) दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में से एक है। इसे अगस्त 2014 में लॉन्च किया गया था। इसका लक्ष्य बैंकिंग सेवा से वंचित हरेक परिवार को व्यापक तौर पर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है। जन धन खाते, आधार और मोबाइल कनेक्शन इन सभी ने डिजिटल इंडिया की स्थापना में योगदान दिया है। इसके अलावा, अनेक प्लेटफार्मों में ऑनलाइन शिक्षा, ई-मेडिसिन, फिनटेक, बेहतर कृषि पद्धतियां, अंतिम व्यक्ति तक निर्बाध सेवा का वितरण सुनिश्चित करने जैसी महत्वपूर्ण सेवाओं की डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा प्लेटफार्मों का लाभ उठाया गया है। कोविन और डिजिटल सर्टिफिकेट जैसी ऑनलाइन प्रणालियों को आज दुनिया भर में सफलता की कहानियों के रूप में उद्धत किया जा रहा है। यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (यूएलआइपी) की डिजिटल क्षमता से उद्योग जगत से जुड़ी हस्तियों को भी जबरदस्त फायदा हुआ है, जिसका उद्देश्य लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में व्यापार करने में आसानी लाना और देश में औसत लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना है। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर भी शुरुआती बाधाओं को दूर करने और व्यापक बाजारों तक पहुंच के लिए अग्रणी है। यह ई-कॉमर्स क्षेत्र में ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के रूप में दिखायी दे रहा है जो एमएसएमइ के लिए उभरते अवसरों का लाभ उठाने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

सामान की तेज और कुशल आवाजाही को सक्षम करने के लिए, सरकार ने देश के लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के लिए अत्यधिक निवेश किया है। जीपीएस ट्रैकिंग, रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआइडी) और तत्क्षण निगरानी की सुविधा ने लॉजिस्टिक्स ऑपरेशंस को और अधिक पारदर्शी बना दिया है। पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआइएस) मानचित्र पर देश में सभी इंफ्रास्ट्रक्चर एवं लॉजिस्टिक सुविधाओं का एक डिजिटल प्लेटफॉर्म मानचित्रण का विवरण है। इसके अलावा, सरकारी सेवाओं और प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण ने व्यवसायों के लिए नियमों के अनुपालन में लगने वाले समय और पहलों को कम कर दिया है, जिससे निवेशकों के लिए भारत में अपना व्यवसाय स्थापित करना और संचालित करना आसान हो गया है।

नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम (एनएसडब्ल्यूएस) भारत सरकार की एक पहल है, जो व्यापारियों को एक ही पोर्टल के माध्यम से सभी आवश्यक दस्तावेजों और सूचनाओं को इलेक्ट्रॉनिक रूप से जमा करने की अनुमति देकर व्यवसायों के लिए सरकारी अनुमोदन को कारगर बनाने के लिए डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का उपयोग करती है, जिससे कई एजेंसियों के लिए भाग-दौड़ करने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है तथा मंजूरी और अनुमोदन प्राप्त करने में लगने वाले समय के साथ-साथ लागत भी कम हो गयी है। एक और उदाहरण, जो खरीद प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने के लिए सरकार के प्रयासों को प्रदर्शित करता है, वह है गवर्नमेंट ई मार्केटप्लेस (जीइएम), जो एक ऑनलाइन खरीद प्लेटफार्म है, जिसे खरीद संबंधी गतिविधियों के लिए खरीदारों और विक्रेताओं के लिए एक समावेशी, कुशल और पारदर्शी, एक निष्पक्ष और प्रतिस्पर्धी प्लेटफार्म बनाने के उद्देश्य से लॉन्च किया गया था। स्टार्टअप इंडिया पहल भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है, जिसका उद्देश्य देश में नवाचार और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम का निर्माण करना है। प्रधानमंत्री ने 2016 में स्टार्टअप इंडिया लॉन्च किया था। भारत का फलता-फूलता स्टार्टअप इकोसिस्टम देश के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का एक प्रमाण है, जिसने उद्यमियों को वे उपकरण और संसाधन प्रदान किए हैं, जिनकी उन्हें पारंपरिक व्यापार मॉडल के स्थान पर नये मॉडल को अपनाने में आवश्यकता है। पिछले पांच वर्षों में, उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग द्वारा मान्यताप्राप्त 92,683 से अधिक स्टार्टअप के साथ, भारत का स्टार्टअप परिदृश्य दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा हो गया है। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग ने बौद्धिक संपदा अधिकारों (आइपीआर) के लिए एक समर्पित पोर्टल भी स्थापित किया है और पेटेंट आवेदन प्रक्रिया को कारगर बनाने के उपाय किये हैं। उपभोक्ताओं और पर्यावरण की बदलती जरूरतों के साथ आर्थिक प्रक्रियाएं लगातार विकसित हो रही हैं। निकट भविष्य में, उभरती भविष्य की प्रौद्योगिकियां लगभग सभी आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों का एक अनिवार्य तत्व होंगी। हमारे सामने चुनौती इन प्रक्रियाओं को और अधिक समावेशी और मानवीय बनाने की है, ताकि सामान्य व्यक्ति तक उनका लाभ पहुंच सके। भारत का डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर कारोबारी सुगमता के शीर्ष पर जीवन सुगमता को बढ़ावा देने के प्रयास में जुटा है, क्योंकि इसका उद्देश्य व्यवसायों और नागरिकों दोनों को लाभान्वित करने के लिए समावेशी और लोकतांत्रिक परिदृश्य को बढ़ावा देना है।

**(लेखक : सचिव, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# वर्कर्स कॉलेज से निकली पर्यावरण जागरूकता रैली



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** मानगो स्थित जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज में विश्व पर्यावरण सप्ताह के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि डीएफओ ममता प्रियदर्शी शामिल हुए। महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई,भूगोल विभाग और आइक्यूएसी के द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम का मुख्य शीर्षक प्लास्टिक की समस्या का समाधान को लेकर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान सुबह वर्कर्स कॉलेज से मानगो वन विभाग भवन तक एनएसएस वॉलिंटियर्स के द्वारा पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में जमशेदपुर मंडलीय वन विभाग के अधिकारी,कर्मचारियों सहित महाविद्यालय के शिक्षकों के साथ विद्यार्थियों ने भाग लिया। मौके पर डीएफओ ममता प्रियदर्शी ने मिशन लाइफ पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत की। उन्होंने स्वस्थ जीवन शैली के लिए दिनचर्या, खानपान में बदलाव पर बल दिया। साथ ही सभी विद्यार्थियों को जीवन के लक्ष्य पाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन वर्कर्स कॉलेज के प्राचार्य डॉ एस पी महालिक ने की। उन्होंने डीएफओ को बधाई देते हुए भविष्य में सहयोग की अपेक्षा की। मंच संचालन एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर आलोक कुमार चौबे ने किया। मौके पर सीनियर प्रोफेसर एके महापात्रा, बीके मिश्रा, सुभाष चंद्र दास, एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर सुरभि सिन्हा सहित अन्य मौजूद रहे। धन्यवाद ज्ञापन आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रोफेसर प्रियंका प्रधान ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षकगण, कर्मचारियों और छात्रों ने भाग लिया।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को धातकीडीह, चांडिल, सरायकेला- खरसावां में लखी चरण किस्कु के सुपुत्र धरम किस्कु के विवाह के उपलक्ष्य में आयोजित आशीर्वाद समारोह में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने नव दंपती को सुखद एवं खुशहाल दांपत्य जीवन के लिए शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन, विधायक सीता सोरेन , विधायक बसंत सोरेन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन एवं अन्य परिजनों ने भी नव दंपती को आशीर्वाद दिया।

# पुलिस ने घर का ताला तोड़ कर चोरी करने के मामले का किया खुलासा, तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** बिरसानगर थाना अंतर्गत जोन नंबर 2बी पलसानिया बिल्डिंग के पास बीते दिनों घर का ताला तोड़कर चोरी करने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। वही चोरी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में सृष्टि गार्डन के पास रहने वाले विकास दास, बागुनहातू निवासी आकाश दत्ता उर्फ चेपा और मो जावेद शामिल है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर चोरी के दो हजार रुपये और गहने समेत एक खाली गैस सिलेंडर बरामद कर लिया। मंगलवार को जानकारी देते हुए थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया 19 मई को जोन नंबर 2बी में घर का ताला तोड़कर रुपये समेत गहने और खाली गैस सलेंडर की चोरी हुई थी। इस मामले में शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस विकास और आकास को गिरफ्तार किया। विकास की निशानदेही में चोरी का गैस सिलेंडर सृष्टि गार्डन के पास झाड़ियों से बरामद किया गया। वही जावेद के पास से नकद रुपिया बरामद किया गया। इसके अलावा आकाश की निशानदेही में गहने बरामद किए गए। फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



# तेज आंधी में पेड़ के साथ गिरी दीवार



आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिला में आए आंधी- तूफान ने बड़ी तबाही मचा दी। मंगलवार को तेज हवा से आदित्यपुर एस टाइप फुटबॉल मैदान का दीवार गिरने से तीन बच्चे दब कर बुरी तरह घयाल हो गए। वही बताया जा रहा है एक कि मौत हो गई। स्थानीय लोगो के अनुसार तेज आंधी के दौरान एस टाइप फुटबॉल मैदान के समीप बारिश और तूफान से बचने के लिए 6 बच्चे पेड़ के नीचे सहारा में खड़े थे। उसी दौरान अचानक स्टेडियम के दीवार से सटा पेड़ गिर जाने से कई बच्चे घयाल हो गए। तीनो बच्चों को आनन- फानन में टाटा मेन अस्पताल ले जाया गया। जहां एक युवक ने रास्ते में ही दम तोड़ देने की बात सामने आरही है। हालांकि इस संबंध में पुलिस के द्वारा अभी तक पुष्टि नहीं की गई। बताया जा रहा है सभी बच्चे दिन्दली बस्ती के राहने वाले है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। वही सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# जिप सदस्य ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता


**जमशेदपुर।** परसुडीह क्षेत्र के जिला परिषद पूर्णिमा मलिक ने क्षेत्र के जन समस्याओं को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान परसुडीह, हलुदबनी हरहरगुट्ठ, बेड़ाढीपा, रानीडीह, प्रमथनगर, करनडीह औरं विद्यासागर पल्ली के सभी नालों का कचरा की सफाई ले लिए मांग की। उन्होंने बताया की सभी जगह नाले में कचड़ा भरा पड़ा है। बरसात के दिनों मे वर्षा का पानी इन नालों मे भर जाता है। कचरा जमा हेने के कारण पानी नालों से बाहर कि ओर सड़कों पर बहने लगता है, जिसके कारण लोगों को सड़कों पर चलने मे काफी दिक्कत होती है। श्रीमती पूर्णिमा मलिक ने जनता की समस्याओं को देखते हुए बरसात आने से पहले अविलंब सभी नालों कि सफाई कराने की मांग की। उन्होंने बताया गोलपहाड़ी मोड़ से शीतला चौक होते हुए शंकरपुर से गोविन्दपुर तक सड़क का आविलंब पुनर्निर्माण काराया जाए,शीतला चौक से सुंदरनगर कैनल तक सड़क कि स्थिति काफी जर्जर है। त्रिवेणी चौक से करनडीह चौक तक सड़क कि स्थिति काफी जर्जर है । आविलंब पुनर्निर्माण काराया जाए। साथ ही पूर्वी घाघीडीह पंचायत अंतर्गत कीनुडीह बस्ती मे लगभग 1 कि० मी० सड़क निर्माण,घाघीडीह केन्द्रीय कारा द्वार से बेड़ाढिपा होते हुए मतलाडीह मुख्या मार्ग तक सड़क का निर्माण,घाघीडीह केन्द्रीय कारा के पीछे टी० आर० एफ० कालोनी होते हुए डूप्लेक्स कालोनी तक सड़क का निर्माण,प० हलुदबनी पंचायत अंतर्गत दयामाई काली मंदिर से होते हुए दुखुटोला नाला तक सकड़ का निर्माण जल्द कराया जाय। वही मकदमपुर फाटक के सामीप सड़क के किनारे कचरा जमा हुआ है सफाई कराकर क्षेत्र में सौंदर्यीकरण कराया जाए। ताकि क्षेत्र की जनता के परेशानी खत्म हो सके।



# जैक बोर्ड की स्टेट टॉपर को जमशेदपुर डीसी ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) 10वीं और 12वीं का रिजल्ट मंगलवार को जारी हो गया। इसमें 10वीं की स्टेट टॉपर पूर्वी सिंहभूम की छात्रा श्रेया सोनगिरी को उपायुक्त विजया जाधव ने ट्वीट कर बधाई दी। चाकुलिया प्रखंड के आदिवासी विद्यालय, पुरनापानी की छात्रा श्रेया को जैक की परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। अपने शुभकामना संदेश में उपायुक्त ने कहा कि श्रेया सोनगिरी की उपलब्धि से पूरा जिला गौरवांवित हुआ है। उन्होंने अपने एवं समस्त जिला प्रशासन की ओर से श्रेया सोनगिरी के उज्जवल भविष्य की कामना की.साथ ही सभी अभिभावकों औरं शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी।



आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 24 मई, 2023
www.azadsipahi.in


## जनता दरबार में बिजली पानी की समस्या को लेकर शिकायत



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। जिले के उपायुक्त के निर्देश पर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के बाहरी कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के द्वारा साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उधर पदाधिकारी की पहल पर दिव्यांग बच्ची के आधार कार्ड नहीं बन पाते शिकायत का निपटारा तत्काल केंद्र के माध्यम से कराया गया। जनता दरबार के दौरान पानी, बिजली, राशन, पेंशन आवास समेत आधे दर्जन से अधिक मामलों को मौके पर ही निपटारा करने का काम प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा किया गया। इस दौरान 20 सूत्री के अध्यक्ष नसीम अंसारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज सरण प्रखंड सहायक सुषमा कुमारी समेत काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे ।

### उत्कृष्ट रहा एम एल अग्रवाल एसवीएम इंटर कॉलेज के विज्ञान का परीक्षा परिणाम

# इंटर विज्ञान में हर्ष कुमार हिंद बने कॉलेज टॉपर, द्वितीय रही अर्शिता

आजाद सिपाही संवादाता

**लोहरदगा।** एम एल अग्रवाल एस वी एम इंटर कॉलेज के विज्ञान का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा' 88% अंक लाकर हर्ष कुमार हिंद कॉलेज के टॉपर बने' शिक्षक प्रदीप कुमार हिंद के पुत्र हर्ष कुमार हिंद ने कुल 440 अंक प्राप्त किये जिसमें अंग्रेजी में 91, भौतिकी में 92, रसायन में 78, जीव विज्ञान में 95 और अर्थशास्त्र में 84 अंक शामिल है'। 83.6%अंक प्राप्त कर कॉलेज में दूसरा स्थान अर्शिता कुमारी ने प्राप्त किया। संजीव





कुमार पासवान ने कॉलेज में तीसरा स्थान प्राप्त किया। उसे कुल 412 अंक मिले। इनके अतिरिक्त कृष राज मित्तल ने 82%, प्रेरणा प्रजापति ने 81.4%, लौलीन कच्छप ने 81.4%, मनीष उरांव ने 80%, सबा परवीन ने 79.4%, आशीष उरांव ने 77.2%, ऋषभ लकड़ा ने 77.2%, ज्योतिष उरांव ने 77%, लोकेश साहू ने 76.4%, आयुष राज ने 76%, दीपक भगत ने 73.6%, राजवीर साहू ने 73.4%, सुशांक कुमार साहू ने 71.8%, रोहित उरांव ने 70.6%, संजना लकड़ा ने 70.4%, आयुष कुमार गंझू ने 67%, कोमल यादव ने 67%, यश राज शर्मा ने 64.2%, प्रीति कुमारी भगत ने 64%, संतोष साहू ने 63.6%, अनुराग भगत ने 61.2%, और विनय रवानी ने 61% अंक प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सभी पदाधिकारियों सदस्यों और शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी को बधाई और शुभकामनायें दी।

## पीवीयूएन में समर कैंप का किया आयोजन

पतरातू (आजाद सिपाही)। पीवीयूएन-आर एंड आर ग्रुप ने स्वर्णरेखा महिला समिति और बाल भवन के संयुक्त प्रयासों से मंगलवार से आसपास के गांवों के स्थानीय बच्चों के लिए 15 दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया है। 15 दिनों की इस अवधि के दौरान बच्चों को कराटे, योग, ध्यान, सामान्य स्वच्छता, व्यक्तित्व विकास, रंगमंच और नृत्य कक्षाओं जैसी गतिविधियों में शामिल किया जायेगा। गतिविधियों को एक ही समय में मजेदार और दिलचस्प रखते हुये उनकी शारीरिक और मानसिक फिटनेस को पूरा करने के लिए योजना बनायी गयी है। इस समर कैंप में आसपास के गांवों के 75 से अधिक बच्चे भाग ले रहे हैं। समर कैंप का उद्घाटन सीईओ (पीवीयूएन) और एचओडी ने स्वर्णरेखा महिला समिति और बाल भवन के प्रतिनिधियों के साथ दीप जलाकर, केक काटकर और प्रतिभागियों के बीच टोपी और छाता बांटकर समर कैंप का उद्घाटन किया।

## 29 मई से 14 जून तक होगा मन मिलन पखवाड़ा का आयोजन



लातेहार (आजाद सिपाही)। झालसा, रांची के दिशा निर्देश में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष-सह-प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश, लातेहार अखिल कुमार के मार्गदर्शन में मन का मिलन पखवाड़ा का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में दिनांक 29 मई 2023 से 14 जून 2023 तक व्यवहार न्यायालय परिसर में किया जा रहा है। इस आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव स्वाति विजय उपाध्याय ने दी। मन का मिलन पखवाड़ा के तहत पक्षकारों के मध्य सुलह-समझौता का आयोजन किया जायेगा जिसमें मध्यस्थता कर्त्ता के साथ पुलिस पदाधिकारी भी मौजुद रहेंगे। मध्यस्थता के प्रति सामान्य जनमानस को जागरुक करना इस आयोजन का मुल मंत्र है।

## नगेसिया किसान समाज ने वार्षिक कार्यक्रम में शामिल होने को डीसी और एसपी को दिया निमंत्रण



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा जिले के पेशरार थाना क्षेत्र अंतर्गत झमटबार गांव में नगेसिया किसान समाज के अध्यक्ष और शनिचरवा किसान उपाध्यक्ष श्रीमती रवीना नगेसिया और सचिव पप्पू नगेसिया के सामूहिक नेतृत्व में डीसी और एसपी को आवेदन देकर कार्यक्रम में शामिल होने हेतु निमंत्रण पत्र सौंपा गया है। इस संदर्भ में आवेदन में कहा गया है कि नगेसिया किसान समाज द्वारा जिले के झमटबार गांव में आगामी 28 मई और 29 मई को दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मौके पर अध्यक्ष शनिचरवा किसान, उपाध्यक्ष रवीना नगेसिया, सचिव पप्पू नगेसिया, सचिव रंजीता नगेसिया, कोषाध्यक्ष सुखनाथ नगेसिया, सलाहकार रामदेव नगेसिया, मीडिया प्रभारी सोमनाथ भविष्य संरक्षक विनोद किसान चमन किसान, सुधीर किसान, सदस्य रामलाल नगेसिया और विपेन नगेसिया के अलावा अन्य मौजूद थे।

## जलमीनार खराब होने से ग्रामीणों के समक्ष पेयजल की घोर समस्या

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत अन्तर्गत बेड़ाटोली में जलमीनार खराब होने पेयजल का गंभीर समस्या है। बेड़ाटोली में लगभग 45 घरों के लोगो को पानी के लिये भीषण समस्या हो रही है। पूर्व मुखिया द्वारा लाखो का लागत से जलमीनार का निर्माण कराया गया था। जलमीनार निर्माण के कुछ दिन बाद ही लगभग 3 वर्ष से खराब हो गया। जलमीनार खराब होने की शिकायत ग्रामीणों के द्वारा पेयजल और स्वच्छता विभाग और मुखिया से किया गया। लेकिन आज तक जलमीनार को बनवाने का कोई पहल नही किया गया है। वही परमेश्वर उराँव, महेन्द्र, अनिता, सारो देवी, देवकी, मनोंज उराँव सहित अन्य ग्रामीणो का कहना है। कि जलमीनार का मरम्मती के लिये विभाग और जनप्रतिनि मौन धारण किये हुये हैं। वही विभाग को और मुखिया को जलमीनार मरम्मती के लिये कई बार कहा गया। परन्तु किसी ने आज तक नही बनवाया जिसे ग्रामीण भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में इधर उधर से पानी लाकर पीने को मजबूर हैं।

## डीएसपी ने बालू लदा एक ट्रैक्टर किया जब्त

भंडरा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के के पास मंगलवार सुबह डीएसपी परमेश्वर प्रसाद ने अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर जब्त किये। ट्रैक्टर सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठीयो गांव निवासी उपेंद्र साहू की है। जिला खनन पदाधिकारी के बयान पर भंडरा थाने में मामला दर्ज हुई है। बताया जाता है कि डीएसपी परमेश्वर प्रसाद को लगातार सूचना मिल रही थी कि सीठीयो नदी से अवैध बालू का उठाव हो रहा है। इस सूचना पर डीएसपी द्वारा पुलिस टीम गठन कर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान थाना क्षेत्र के भैसमुंदो गांव के पास से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया। ट्रैक्टर मालिक पर अवैध बालू का खनन करने, इसका कारोबार करने, जालसाजी करने और साजिश में शामिल होने का आरोप है। जिला खनन पदाधिकारी को सूचना दे दी गयी और उनके बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया। डीएसपी द्वारा अचानक की गई कार्रवाई के कारण अवैध बालू का कारोबार करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

## डकैती के शिकार शमीम के परिजनों से मिलने लुकइया पहुंचे प्रतुल शाहदेव

- -चंदवा में अविलंब तेजतर्रार स्थायी थानेदार की नियुक्ति हो
- -अपराधियों को पकड़ने के लिए ड्राइव चलाये पुलिस



आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मंगलवार चंदवा थाना अंतर्गत लुकइया ग्राम में जाकर शमीम अंसारी और उसके परिजनों से मुलाकात की। ज्ञातव्य है कि 2 दिन पूर्व शमीम अंसारी के यहां भीषण डाका पड़ा था। करीब 7.50 लाख रूपये के नकद और गहने की दिनदहाड़े लूट हुई थी। प्रतुल ने कहा कि पिछले कुछ महीने से चंदवा थाना अंतर्गत क्षेत्र में अपराधियों का मनोबल बढ़ गया है। इन्होंने मां उग्रतारा के महा दरबार में भी चोरी करने की हिमाकत की है। उस घटना का भी आज तक कोई उदभेदन नहीं हुआ। प्रतुल ने कहा अभी कुछ दिन पहले एक नाबालिग दलित से गैंगरेप हुआ, डायन बिसाही के नाम पर बुजुर्ग दम्पति की हत्या हो गयी।

प्रतुल ने कहा चंदवा थाना क्षेत्र में उग्रवादी, लोहा चोर, कोयला चोर पहले से मौजूद थे। अब तो डकैतों ने भी अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया। उन्होंने लातेहार के आरक्षी अधीक्षक से आग्रह किया की वे चंदवा थाना क्षेत्र में अपराधियों को पकड़ने के लिए स्पेशल ड्राइव चलाये। इस मौके पर उनके साथ भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष धानु खान, कृष्णा कुमार रामाशीष यादव आदि उपस्थित थे।

## जनता दरबार में बीडीओ ने सुनी जनता की फरियाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका।** जिले के उपायुक्त के निर्देशानुसार मनिका प्रखंड कार्यालय परिसर मे मंगलवार दिन को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार मे उपस्थित बीडीओ बिरेंद्र किंडो ने ग्रामीणो से कहा की लोग अपनी समस्याओ को बेझिझक प्रखंड प्रशासन को बताये लोगो की समस्याओ का समाधान किया जायेगा। बीडीओ ने उपस्थित सभी कर्मियो को निर्देश देते हुए कहा की जनता दरबार के माध्यम से ग्रामीणो के द्वारा दी गई समस्याओ को प्राथमिकता के अनुसार हल करे। जनता दरबार मे नामुदाग पंचायत से पहुंचे योगेंद्र नामक विकलांग व्यक्ति ने बीडीओ बिरेंद्र किंडो को पीएम आवास की स्वीकृति के लिए आवेदन दिया। वही मनिका प्रखंड के दूंदू सिंजो जुंगुर मटलौंग विशुनबांध कोपे बड़काडीह सहित कई पंचायतो से ग्रामीण अपनी समस्या लेकर जनता दरबार मे पहुंचे थे। बीडीओ ने जनता दरबार मे ग्रामीणो की समस्याओ से अवगत होते हुए समीप समस्याओ को हल करने की बात कही। मौके पर बीडीओ के अलावा प्रखंडकर्मी सहित जनता दरबार मे पहुंचे कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## इसरार अहमद को झारखं ड आंदोलनकारी के रूप में चिह्नित किये जाने पर लोगों ने दी बधाई



किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितिकरण आयोग गृह कारा आपदा प्रबंधक झारखंड सरकार द्वारा किस्को प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत हिसरी निवासी और झारखंड आंदोलनकारी के लोहरदगा जिला अध्यक्ष इसरार अहमद का चिन्हित किये जाने पर जिले के आम आवाम ने बधाई दी है। इधर झारखंड आंदोलनकारी के जिला अध्यक्ष इसरार अहमद को चिन्हित किये जाने पर बधाई देने वालों में मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनकारी के नेता विजय भगत, झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजू महतो, केंद्रीय महासचिव कयूम खान, केंद्रीय उपाध्यक्ष अश्वनी कुजूर, केंद्रीय उपाध्यक्ष किशोर किस्कू, कांग्रेस प्रदेश डेलीगेट सह लोहरदगा जिला 20 सूत्री सदस्य नेसार अहमद, कैरो प्रखंड जिला परिषद सदस्य सुखदेव उरांव, और लोहरदगा जिला के तमाम आंदोलनकारीगण शुभकामनायें दी है।

## बिजली की आंखमिचौली से आम जन त्रस्त


सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र में बिजली को ले कर आम जनता त्रस्त है। प्रत्येक दिन बिजली का आँख मिचौनी खेल हो रहा है। जिसे लोग इस भीषण गर्मी में परेशान हैं। 24 घंटा में मात्र 5 घंटा ही लोगो को बिजली मिल पा रहा है। बिजली कि समस्या के कारण प्रखंड कार्यालय और प्रज्ञा केन्द्र में आम जनता का कार्य बाधित हो रहा है। बिजली की समस्या को लेकर अनिल राम, संतोष महतो, उमंग साहु, दिनेश उराँव, धनेश साहु और कमेश महतो का कहना है कि सरकार 100 यूनिट मुफ्त बिजली देने की बात कहती है। लेकिन यह बेकार साबित हो गया। बिजली नही रहने के कारण कोई काम नही हो पा रहा है। इस भीषण गर्मी में बिजली के बिना पानी के लिये भी परेशानी हो रही है। घर मे कूलर पँखा फ्रिज सब बेकार पड़ा हुआ है। वही खेत मे लगा टमाटर, भिंडी, प्याज, बोदी, खीरा बिजली नही रहने के कारण सिंचाई के बिना सुख रहा है। जिसे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है।

## लचर विद्युत व्यवस्था को लेकर कनीय अभियंता से मिले आजसू के पदाधिकारी



कुडू (आजाद सिपाही)। बिजली की लचर व्यवस्था को देख हुये कनीय अभियंता लोहरदगा मुलाकात किया गया। कनीय अभियंता ने आश्वस्त किया है कि हमें जरूरत से कम मेगा वाट बिजली प्राप्ति होने की वजह से लोहरदगा जिला के सभी इलाकों में बिजली की अभी लचर व्यवस्था बनी हुई है। जिसके कारण हम संपूर्ण लोहरदगा में बिजली लोगों तक नहीं पहुंचा पा रहे। हमें जितनी मेगावाट बिजली चाहिये। उतना नहीं मिलने के कारण काट-काट के बिजली देना पड़ रहा है जिसके कारण 4 से 6 घंटे ही बिजली मिल दे पा रहें हैं। झारखंड आंदोलनकारी पूर्व विधायक लोहरदगा स्वर्गीय कमल किशोर भगत की धर्मपत्नी और लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत की उपस्थिति में गुड्डू लाल नाथ शहदेव जी ने बिजली विभाग के जीएम से बात की। उन्होंने आश्वस्त किया हैं कि बिजली की जो संकट अभी बनी हुई है उस को ध्यान में रखते हुए एक सप्ताह के अंदर अट्ठारह से बीस घंटे बिजली देने का कार्य किया जायेगा। मौके पर कुडू पूर्वी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य गायत्री देवी, गुड्डू लाल नाथ शहदेव, प्रमुख मुन्नी देवी, कुडू पंचायत के मुखिया सुषमा देवी और कुडू पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रही।

## गुरुद्वारा में श्री गुरु अर्जुन देव का 417वां शहादत दिवस मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** गुरु सिंह सभा भुरकुंडा गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी द्वारा मगंलवार को गुरु साहिब श्री अर्जुन सिंह का 417वां शहादत दिवस मनाया गया। इस दौरान गुरुद्वारे में सुबह से ही गुरबाणी का पाठ किया गया। सुखमणि साहिब के पाठ के उपरांत शब्द-कीर्तन गायन हुआ। अरदास के उपरांत सैकड़ो लोगो के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही प्रबंधन कमेटी द्वारा राहगीरों के बीच रोक-रोक कर ठंडे पानी व शरबत का वितरण किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा में गुरु अर्जुन सिंह देव जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बतायें मार्ग पर चलने का आहवान किया गया। साथ ही बताया गया की सिखो के पांचवे गुरु साहिब श्री गुरु अर्जुन सिंह देव जी को मुगल बादशाह जहांगीर ने यातनायें देते हुए गुरु साहिब जी को तपती गर्म तावा पर बैठाया गया, गुरु साहिब के शीश में गर्म बालू डाला गया और खोलते पानी में डाला गया। तरह तरह की यातनायें दी गयी। उसके बाद भी गुरु जी ने शांत मन से प्रभु की भक्ति में लीन रहे और परमात्मा का शुक्र मनाते रहें। उस वक्त केवल मुख से उच्चारण किया ह्यतेरा भाणा मीठा लागेह्ल और शाहिद हो गये। गुरु साहिब सिख धर्म के पहले शहीद गुरु हये। गुरु अर्जुन देव जी को शहीदों के सरताज के नाम से भी जाना जाता है। पूरे हिंदुस्तान सहित दुनिया में जहां भी कही सिख समुदाय के लोग रहते हैं गुरु साहिब जी का शहादत दिवस मनाते हैं। साथ ही प्रसाद के रूप में ठंडे और मीठा जल राहगीरों और संगतों को पिलाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरूद्वारा के प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकु सिंह, सचिव तजिंदर त्रेहान, कोषाध्यक्ष निशांत सिंह, इंद्रजीत सिंह छाबड़ा, जसपाल सिंह, उषा कौर, अनीता कौर, जसमीत कौर, राज कौर, रेखा कौर, सरबजीत कौर, बीबी करमी कौर आदि का विशेष योगदान रहा।

## पंचायत समिति सदस्यों की समीक्षा बैठक



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड कार्यालय स्थित प्रमुख कक्ष में मंगलवार को पंचायत समिति सदस्यों की समीक्षा बैठक का किया गया आयोजन।बैठक में पूर्व से अधूरी योजनाएं की समीक्षा हुई। साथ ही प्रखंड में नये विकास योजनाओं पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख सुशीला कुमारी ने की।कार्यक्रम की शुरूआत प्रखंड की पूर्व की अधूरी विकास योजनाएं की समीक्षा हुई। बाद में नये विकास योजनाएं पर चर्चा किया गया। वहीं पंचायत समिति सदस्यों ने अपने अपने पंचायतों में खराब पड़े चापानलों की सूची प्रस्तुत किया। इसमें कहा गया कि गर्मी का तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ते हीं जा रहा है।ऐसी स्थिति में बड़ी संख्या में चापाकल खराब पड़े हुए हैं। जिन्हें यथाशीघ्र मरम्मत किया जाए। चापानल खराब रहने के कारण स्थानीय लोगों और राहगीरों के बीच पानी की समस्या उत्पन्न हो गयी है।

## अतिक्रमण कर बने मकान पर चला प्रशासन का जेसीबी

सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के बरही मौजा स्थित नवनिर्मित महिला कॉलेज के समीप सरकारी जमीन का अधिग्रहण सनियारो उराँव पति स्वर्गीय कैला उराँव और उसकी पुत्री इन्द्रानी कुमारी के द्वारा किया गया। जिसको लेकर अंचलाधिकारी सेन्हा द्वारा 36 डिसमिल सरकारी जमीन की पुष्टि किया गया था। जिसमें से 6 डिसमिल जमीन को सनियारो उराँव और उसकी पुत्री इन्द्रानी कुमारी द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर मकान बना लिया गया था। वही अतिक्रमण के लिये जारी नोटिस का अवहेलना किया जा रहा था। जिसके आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया गया। इसी निमित अंचलाधिकारी सह दंडाधिकारी विजय कुमार के नेतृत्व में स0आ0नि0 जमशेद खान तथा शस्त्र बल के सहयोग से मंगलवार को निर्मित भवन पर जेसीबी मशीन चलाया गया।

## टैक्स बढ़ोत्तरी सहित अन्य मुद्दों को लेकर डीसी से मिला प्रतिनिधिमंडल, उपायुक्त ने दिया आश्वासन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में मंगलवार को डीसी माधवी मिश्रा से मिला। प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने डीसी से मिलकर नगर परिषद द्वारा बढ़ाए गए होल्डिंग टैक्स को सरकार के नोटिफिकेशन के अनुसार रांची में कम किए गए होल्डिंग टैक्स के आधार पर ही रामगढ़ में भी कम करने, छावनी परिषद के आठों वार्ड में पेयजल की व्यवस्था करने, सड़क की मरम्मत करवाने विशेषकर लोहार टोला, नेहरू रोड, झंडा चौक, परसोतिया रोड की मरम्मत करवाने, शहरी क्षेत्र में आये दिन होने वाले रोड जाम की व्यवस्था दुरुस्त करने, सुभाष चौक से आर्मी स्कूल तक मास्क लाइट लगवाने, टेंपो के लिए पार्किंग की व्यवस्था करने, बिजुलिया तालाब की सुंदरीकरण करने, पटेल चौक से नया मोड़ तक डिवाइडर लगाकर मास्क लाइट लगाने, भुरकुंडा में आये दिन लगने वाले जाम की समस्या का समाधान करने, मास्क लाइट लगाने, साफ सफाई की व्यवस्था करने, पटेल नगर की मालगुजारी रसीद निर्गत करने, रामगढ़ शहरी क्षेत्र में कम्युनिटी हॉल बनाने, गोला में इंडस्ट्रियल पार्क बनाने सहित अन्य मांगो को रखा। उपायुक्त रामगढ़ ने चेंबर के प्रतिनिधिमंडल से वार्ता कर उनको आश्वस्त किया कि वह जिला में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए रामगढ़ शहरी क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करेंगे। साथ ही भुरकुंडा के संबंध में भी सीसीएल और पुलिस प्रशासन से वार्ता करने के पश्चात हल निकालने का प्रयास करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में मानद सचिव मनोज चतुर्वेदी मानू कोषाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह सैनी कार्यकारिणी सदस्य अमित साहू भुरकुंडा से कार्यकारिणी सदस्य दिलीप अग्रवाल उपस्थित थे।

## पारिवारिक विवाद में युवक ने खाया कीटनाशक

किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत नवाडीह के ग्राम सरना टोली निवासी रोबिन कुजूर का लगभग 24 वर्षीय पुत्र अर्पण कुजूर ने पारिवारिक विवाद में घर में रखे कीटनाशक दवा को खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। इस बारे में जब परिजनों और आसपास के ग्रामीणों को जैसे ही जानकारी मिली फौरन दरवाजा खोलकर आनन-फानन में युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को ले गये। जहां पर डॉक्टरों की टीम के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया और युवक की स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु तत्काल सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया गया।। इधर युवक के परिजन और ग्रामीण काफी सदमा में हैं।

## 10वीं में चतरोचट्टी स्कूल का बेहतर प्रदर्शन

### आदर्श कुमार बने स्कूल टॉपर





आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरोचट्टी।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। यह परीक्षा 14 मार्च से लेकर 3 अप्रैल तक आयोजित किया गया था। जिसमें से गोमिया प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत सुदूरवर्ती इलाके मे स्थित उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय चतरोचट्टी के छात्र छात्राओं का माध्यमिक वार्षिक बोर्ड परीक्षा का परिणाम बेहतर रहा। यहां के कई गरीब छात्र ने प्रतिभा को भी प्रदर्शित किया। जहां उक्त विद्यालय के छात्र आदर्श कुमार ने 473 अंक लाकर बोकारो जिला के सातवें स्थान और विद्यालय टॉपर होकर स्कूल को गौरवान्वित किया। इस स्कूल की ओर से कुल 155 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुये थे। जिसमें से परीक्षार्थी परीक्षा में सफल होकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के छात्र आदर्श कुमार 473 अंकों के साथ प्रथम, 435 अंकों के साथ सुमित कुमार द्वितीय, 429 अंकों के साथ हिमानी कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किया। उक्त विद्यालय में 118 छात्र छात्रायें प्रथम, 37 छात्र-छात्रायें द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुये हैं। वहीं बारहवीं विज्ञान संकाय में कुल दो विद्यार्थि शामिल हुये थे । जिसमे ममता कुमारी ने 355 अंक लाकर प्रथम स्थान, आनंद कुमार ने 317 अंक लाकर द्वितीय स्थान पर विद्यालय टॉपर बनी। विद्यालय के बेहतर परिणाम पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक दीपक बाबू, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आशा देवी चतरोचट्टी पंचायत के मुखिया महादेव महतो, रोहित महतो, राजकिशोर महतो, राजेश महतो, कृपाशंकर महतो, तरान्नुम सोनी, सुमन कुमारी, मनोज कुमार ने सफल सभी छात्रों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार, एक आरोपी भागने में रहा सफल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को चेटर रोड स्थित डाड़ी कुआं के पास से ब्राउन शुगर बेचते हुए एक युवक को पुलिस ने दबोच लिया तथा एक युवक भागने में सफल रहा। गिरफ्तार युवक के पास से 140 मिलीग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। इस संबंध में एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि चेटर रोड स्थित डाड़ी कुआं के पास दो युवक ब्राउन शुगर बेच रहे हैं। सूचना का सत्यापन के लिए एक टीम का गठन किया गया। जिसमें एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, गुमला थाना से बबलू बेसरा, सुनील महतो, इसराइल अंसारी, जदु चिक बड़ाईक सहित थाना के सशस्त्र बल शामिल थे। वहीं घटनास्थल पर छापामारी के क्रम में दो युवकों को संदिग्ध परिस्थिति में देखा गया। जिसके बाद पुलिस को देखते ही एक युवक वहां से फरार हो गया। वहीं पुलिस बल द्वारा चेटर रोड सिनेमा हॉल निवासी 28 वर्षीय ललित राम पिता विनोद राम को खदेड़ कर पकड़ा गया। तलाशी में युवक के पास से 140 मिलीग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। जिसके बाद युवक को थाना लाकर पूछताछ की गयी। पूछताछ में युवक ने इस कार्य में सम्मिलित कई युवकों का नाम बताया। वहीं पुलिस युवक के बताए बयान के आधार पर नशे के कार्य में संलिप्त अन्य युवकों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है। एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल लाल ने बताया कि यह युवक करीब चार महीने से ब्राउन शुगर के धंधे में संलिप्त था। वहीं गुमला थाना में कांड अंकित कर युवक को जेल भेजा गया। वहीं एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल ने बताया नशे के धंधे में संलिप्त लोगों की धड़-पकड़ के लिए गुमला थाना के बबलू बेसरा के उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए उसे पुरस्कृत करने हेतु वरीय पदाधिकारियों के पास अनुशंसा की जाएगी।

## पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के बंद का समर्थन करेगा सूड़ी समाज



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सूड़ी समाज गुमला ने बैठक आयोजित कर निर्णय लिया है कि पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति झारखंड द्वारा आहूत आगामी 25 मई को मशाल जुलूस और 26 मई को बुलाए गए बंद का समाज पूर्ण समर्थन करेगा। इस आशय की जानकारी देते हुए सूड़ी समाज के जिलाध्यक्ष सूरज कुमार साहू ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को इस आंदोलन का लाभ मिले। हमारे इस नैतिक समर्थन से हमारी ही पीढ़ी को सीधा लाभ मिलेगा। इसलिए आंदोलन को बल प्रदान करने में सूड़ी समाज की जिला कमेटी ने ठोस निर्णय लिया है कि हम इस दो दिवसीय कार्यक्रम का निःसंदेह समर्थन करेंगे। क्योंकि आज इस लड़ाई को पुरजोर तरीके से लड़ने की आवश्यकता है। वहीं बैठक में समाज से ही आये एक द्विपक्षीय विवाद का निपटारा किया गया। बैठक में समाज के सम्मानित संरक्षकगण, वर्तमान कमेटी के पदाधिकारी और समाज के दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

## यातायात सुरक्षा के प्रति वाहन चालकों को किया गया जागरूक

**डुमरी (आजाद सिपाही)।** यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को नवाडीह चौक डुमरी में अभियान के तहत परिवहन विभाग की तरफ से सड़क सुरक्षा मैनेजर प्रभात कुमार के द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान कई वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई। प्रखंड में सड़क दुर्घटना कई गुना ज्यादा बढ़ गयी है। गाड़ियों का इस्तेमाल ग्रामीणों को क्षमता से अधिक बैठाकर एवं लोडिंग वाहनों में सवारियां भरकर सफर कराने के लिए किए जा रहे हैं। सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ रही ओवर लोडेड गाड़ियां लोगों की जान के दुश्मन बन गयी हैं। आए दिन सड़क दुर्घटना होती रहती है। वहीं कई ऐसे लोडिंग वाहनों में ओवरलोड सवारियां भरकर जोखिम भरा सफर कराया जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए आज प्रखंड के नवाडीह चौक में विशेष जागरूकता अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा के अफसरों ने बताया कि लोग यातायात के नियमों का पालन किस तरह करें। वहीं हेलमेट, सीटबेल्ट, ड्राइविंग लाइसेंस आदि कई विशेष महत्वपूर्ण बातों को लोगों के साथ साझा किया गया। वहीं मौके पर उपस्थित बीडीओ एकता वर्मा ने भी लोगों से अपील करते हुए कहा है कि वाहन चालक वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें, किसी भी तरह के नसे का सेवन कर वाहन ना चलाएं, वहीं नाबालिक बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चलाते हुए पकड़े जाते हैं तो उचित करवाई की जाएगी। मौके पर आईटी सहायक मंटू रवानी आई आर ए डी मैनेजर रामानंद महाराज, एसआई पवन तिर्की सहित पुलिस के जवान मौजूद थे।

**बैठक :** उपायुक्त ने बाजार समिति के वर्तमान निर्माण कार्य प्रगति से संबंधित विषयों की समीक्षा

# बाजार समिति का उद्घाटन 15 जून को सभी तैयारियां करने के दिये निर्देश

**जोनिंग वाइज होगी दुकानों की व्यवस्था, बच्चों और महिलाओं से संबंधित दुकानों को प्राथमिकता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मंगलवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में बाजार समिति के वर्तमान निर्माण कार्य प्रगति से संबंधित विषयों पर समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा 15 जून को बाजार समिति के उद्घाटन करने हेतु तिथि निर्धारित की गई है। जिससे पूर्व सभी निर्माणाधीन कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने बाजार समिति को जोन वाइज व्यवस्थित रूप देने का निर्देश दिया। उन्होंने महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित दुकानों को पहले जोन में स्थान देने की बात कही तथा संबंधित जानकारी का बाजार समिति के बाहर दीवाल लेखन करवाने का निर्देश दिया।

इस दौरान उपायुक्त ने बाजार समिति में स्ट्रीट लाइट की सुविधा, शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था आदि को कार्यात्मक बनाने का निर्देश दिया। वहीं बाजार समिति की बाउंड्री लाइन के लंबित कार्यों को भी पूर्ण कराने की बात कही। उन्होंने बाजार समिति अंतर्गत श्रमिक सुविधा केंद्र के निर्माण करने का कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया। पुराने जर्जर भवनों की मरम्मती एवं गोडाउन में सालों से बंद पड़े सामानों की नीलामी कराने का भी निर्देश दिया। इस दौरान बाजार समिति में असुर जनजाति एवं टाना भगत समुदाय के लोगों के लिए कुछ विशेष व्यवस्था करने पर चर्चा हुई जिस पर जल्द ही निर्णय लिए जाएंगे। उपायुक्त ने कृषकों के बीच ई-श्रम पोर्टल की उपयोगिता को प्रचलित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा कई विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया।

बैठक में मुख्य रूप से बाजार पर्यवेक्षिका एवं विपणन सचिव मौजूद रहे।

## पुलिस कर्मियों को दिया जायेगा ड्रोन कैमरा चलाने का प्रशिक्षण

**जिला प्रशासन की ओर से की जा रही है सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की तैयारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव के निर्देश के आलोक में जिले में सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन की ओर से ड्रॉन कैमरा का क्रय किया गया। जिसकी सहायता से जिले के सुदूरवर्ती इलाकों एवं संदेहजनक स्थानों में भी उक्त कैमरे की सहायता से नजर रखना आसान हो सकेगा साथ ही त्योहारों के समय भी उक्त ड्रॉन कैमरे की सहायता से पूरे शहर पर नजर रखने में आसानी होगी।

उक्त ड्रॉन कैमरा का नियंत्रण एवं संचालन पुलिस कर्मियों द्वारा किया जाना है जिसके आलोक में आज मंगलवार को चंडाली स्थित पुलिस लेन के मैदान में 22 पुलिस कर्मियों को ड्रॉन कैमरा को चलाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 मई से प्रारंभ है जिसे 25 मई तक लगातार चलाया जाएगा। प्रत्येक दिन संध्या 4 बजे से 5 बजे तक यह प्रशिक्षण कार्यक्रम को निर्धारित किया गया है। जिसमें पुलिस लेन के 100 से अधिक पुलिस कर्मियों को ड्रॉन के चलाने हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन डीसी एलआर द्वारा किया जा रहा है।

## कुरूमगढ़ में नवनिर्मित आदर्श थाने का एसपी ने किया उद्घाटन

**कहा- थाना खुल जाने से अब यहां अपराध नियंत्रण एवं लंबित प्रकरणों के निष्पादन में मदद मिलेगी**



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड के कुरूमगढ़ स्थित नवनिर्मित आदर्श कुरूमगढ़ थाने का गुमला एसपी एहतेशाम वकारिब ने विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान प्रखंड प्रशासन के साथ-साथ जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण भी मौजूद रहे। सर्वप्रथम गांव की महिलाओं द्वारा एसपी का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। जिसके बाद थाने के जवानों के द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

मौके पर एसपी एहतेशाम वकारिब ने कहा कि कुरूमगढ़ क्षेत्र में थाना खुल जाने से अब यहां अपराध नियंत्रण एवं लंबित प्रकरणों के निष्पादन में मदद मिलेगी और साथ ही साथ स्थानीय लोगों को भी थाना संबंधित कार्यों में आसानी होगी। उन्होंने आगे कहा कि आप लोग पुलिस का सहयोग करें। अगर किसी प्रकार की कोई गलत गतिविधियों की जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस का मुख्य उद्देश्य अपराधियों में भय पैदा करना और आम आदमी को विश्वास दिलाना है। इस क्षेत्र की पुलिस आम जनता के साथ आपसी तालमेल मिलाकर अपराधियों पर अंकुश लगाने का काम करेगी। आज आपसी तालमेल के कारण ही इस क्षेत्र में सड़क एवं मोबाइल टावर का निर्माण हो पाया है। अब यहां की पुलिस जनता को न्याय दिलाने का निष्पक्ष प्रयास करेगी। इधर उद्घाटन के मौके पर उपस्थित गांव वालों के लिए थाना परिवार की ओर से भोजन की व्यवस्था की गई थी।

इस मौके पर मुख्य रूप से अभियान एसपी मनीष कुमार, सीआरपीएफ कमांडेंट मो. खालिद खान, सेकेंड इन कमांड अजित सिंह नेगी, कुरूमगढ़ असिस्टेंट कमांडेंट संदीप, सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार, चैनपुर इंस्पेक्टर बैजू उरांव, कुरूमगढ़ थाना प्रभारी नीतीश कुमार, चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष सिंह, डुमरी प्रभारी विवेक पांडेय, बामदा मुखिया सीताराम मुंडा सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## होटल सेवेन इलेवन में हुई चौथी बार छापामारी, शराब और बीयर जब्त

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला बाईपास रोड स्थित होटल सेवन इलेवन में सोमवार की देर रात छापेमारी में शराब बरामद हुआ। अधिकारियों ने एक बार फिर इस होटल में छापामारी की। छापामारी में पुलिस ने होटल से 30 बीयर और 23 अंग्रेजी शराब का छोटा बोतल को जब्त कर लिया है। पुलिस और अधिकारियों को देखकर दुकान संचालक और ग्राहक भागने में सफल हो गए। वहीं होटल कर्मचारियों से पुलिस ने पूछताछ की। कर्मचारियों की निशानदेही पर पुलिस ने शराब, बीयर, गुटका और सिगरेट जब्त किया। ज्ञात हो कि सेवन इलेवन में छापामारी की यह चौथी कार्रवाई है। समाचार लिखे जाने तक प्राथमिकी दर्ज की कार्रवाई नहीं हुई थी। छापामारी दल में प्रशिक्षु आईएएस आशीष गंगावार, अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन, जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार, थाना प्रभारी विवेक चौरसिया आदि शामिल थे।

## एकलव्य मॉडल विद्यालय का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा

**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय बसिया के छात्रों का दसवीं का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। इस विद्यालय से कुल 55 छात्रों ने दसवीं की परीक्षा दी थी। जिसमें सभी 55 छात्र फर्स्ट डिवीजन में उत्तीर्ण हुए। 55 छात्रों में 7 छात्र 90 प्रतिशत से अधिक, 14 छात्र 85 प्रतिशत से अधिक, 11 छात्र 80 प्रतिशत से अधिक, 16 छात्र 75 प्रतिशत से अधिक नंबर लेकर उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के प्राचार्य संजय कुमार सिंह समेत विद्यालय के सभी शिक्षकों द्वारा दसवीं में सफल सभी छात्रों के सुखद भविष्य की कामना की है।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## अनुमंडल स्तरीय पुस्तकालय के उद्घाटन की तैयारी को लेकर अपर समाहर्ता ने की बैठक



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड परिसर में अवस्थित अनुमंडल स्तरीय पुस्तकालय का उद्घाटन 25 मई दिन बृहस्पतिवार को होना है। जिसे लेकर सोमवार को पुस्तकालय भवन में अपर समाहर्ता सुधीर गुप्ता की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक रखी गई। बैठक में बताया गया कि उद्घाटन समारोह गुमला विधायक भूषण तिर्की, उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव, अपर समाहर्ता सुधीर गुप्ता एवं अनुमंडल पदाधिकारी रवि जैन की उपस्थिति में किया जाएगा। अनुमंडल स्तरीय पुस्तकालय के उद्घाटन समारोह के लिए तैयारियों को लेकर अपर समाहर्ता ने कई दिशा निर्देश दिए हैं। उद्घाटन समारोह को लेकर तैयारी की जा रही है।

## रोशन बरवा ने उपायुक्त से गुमला जिला में जमीन से जुड़ी त्रुटियों में सुधार की मांग की



**बसिया (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सह जिला बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति सदस्य रोशन बरवा ने गुमला के उपायुक्त सुशांत गौरव से मिलकर गुमला जिला में जमीन से जुड़ी त्रुटियों को सुधारने हेतु सभी प्रखंड में पंचायत स्तर पर राजस्व एवं भूमि सुधार शिविर आयोजित करवाने तथा जमीन से संबंधित त्रुटियों को दूर करने की मांग की। रोशन बरवा ने कहा कि गुमला जिला में बहुत से रैयत किसानों की जमीन आज तक ऑनलाइन नहीं हुई है। पंजी 2 में बहुत गड़बड़ियां हैं। आम जनता को प्रमाण पत्र बनवाने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बसिया और कामडारा प्रखंड क्षेत्र में बहुत सी सरकारी परियोजना संचालित हैं, जिसमें रैयतों की जमीन का अधिग्रहण हो रहा है, लेकिन जमीन त्रुटिपूर्ण होने के कारण भुगतान नहीं हो पा रहा है। जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रोशन बरवा ने जानकारी देते हुए बताया कि उपायुक्त सुशांत गौरव ने आश्वासन दिया है कि सभी प्रखंडों के तहसील कचहरी में पंचायत स्तर का शिविर जल्द लगाया जाएगा। जिसमें उक्त सभी मामलों का निपटारा किया जाएगा। इसके लिए सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया जाएगा।

## पालकोट पुलिस ने दंपती की हत्या के दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर भेजा जेल



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अन्तर्गत दाहूपनी पंचायत के बजरा गांव में बीते 14 मई को दंपती की नृशंस हत्या कर दी गयी थी। पति राजू खड़िया (40) व आशा देवी (35) को टंगी से वार कर बेरहमी से हत्या कर दी गयी थी। पालकोट पुलिस ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि हत्या के आरोपी लियूस खड़िया को गिरतार कर पहले ही न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। फरार चल रहे पारस नगेसिया उर्फ पारस किसान पिता स्व. अघनु किसान जो सुंदरीडीह का रहने वाला है, को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इंस्पेक्टर श्यामानंद मण्डल ने कहा कि कुसुम लाह छुड़ाने के क्रम में झगड़ा हुआ था। इसके बाद दोनों लियूस खड़िया व पारस खड़िया जान से मारने के फिराक में थे और घटना को अंजाम दिया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में इंस्पेक्टर स्यामानंद मण्डल, थानेदार अनिल लिंडा, एसआई सतोष महतो उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय टीम ने दूसरे दिन दिया विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्रशिक्षण



**बसिया (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार बसिया प्रखंड में जिला स्तरीय टीम का दो दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन ग्राम पंचायत विकास योजना के अंतर्गत विलेज पॉवर्टी रिडक्शन प्लान, बाल सभा, महिला सभा एवं केंद्र द्वारा संचालित प्रमुख योजना को एकीकृत करने पर प्रशिक्षण दिया गया। मंगलवार को प्रशिक्षण के दूसरे दिन राज्य प्रशिक्षक त्रिलोक कुमार कर्ण, डीपीएम शशि किरण मिंज, बीडीओ बसिया रविन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में गुमला जिला के सभी प्रखंड के पदाधिकारी, पंचायत सचिव एवं मुखिया भाग लिये। प्रशिक्षण के अंतिम दिन सभी को ई ग्राम स्वराज पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री करने के विषय में विस्तार पूर्वक बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान देश के कुछ पंचायती राज के द्वारा देश भर में अच्छे काम करने वाले ग्राम पंचायतों को वीडियो के माध्यम से दिखाया गया। अंत में चार्ट पेपर में दो दिनों के प्रशिक्षण के बारे में, कार्य योजना बनाने एवं उस कार्य योजना के संबंध में 9 थीम पर 9 टीम बना कर कार्ययोजना बनवायी गयी।

**बैठक :** भरनो में भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक में बूथ कमेटी को मजबूत बनाने पर चर्चा

# कार्यकर्ता 30 मई तक सभी बूथों पर कमेटी गठन का कार्य पूर्ण करें : लालमोहन साहू

**कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन की मजबूती पर विशेष ध्यान दें : निरंजन सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भरनो।** सीताराम साव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर भरनो में मंगलवार को भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक कार्यकारी मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार पांडा की अध्यक्षता में की गयी। जिसमें सभी कार्यसमिति सदस्य व सभी मंचों के कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित हुए। जिसमें मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह भरनो प्रखंड प्रभारी लालमोहन साहू और भरनो प्रखंड प्रभारी निरंजन सिंह उपस्थित हुए। मौके पर लालमोहन साहू ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता हर शक्ति केन्द्र में बैठक कर बूथ कमेटी को मजबूत करें। आगामी 30 मई 2023 तक सभी बूथ कमेटी बनाकर पूर्ण करने की बात कही। उन्होंने बताया कि प्रदेश कर्यालय के निर्देशानुसार आगामी 30 मई से 30 जून तक महाजनसंपर्क अभियान चलाया जाना है। इसके लिए पंचायत स्तर पर बैठक कर रणनीति तैयार करें और प्रारुप तैयार कर संगठन को मजबूत बनायें। कार्यकर्ता आम जनता को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दें और सरकार की उपलब्धि की एक-एक मतदाता को जानकारी दें। साथ ही भाजपा की कार्ययोजना की भी जानकारी दें।

मौके पर निरंजन सिंह ने कहा कि किसी भी पार्टी की रीढ़ उसके कार्यकर्ता ही होते हैं। उन्हीं की मेहनत के बदौलत पार्टी की जीत और हार सुनिश्चित होती है। इसलिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन की मजबूती पर विशेष ध्यान दें। मौके पर कार्यकारी मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार पांडा ने कहा कि छोटी-छोटी जन समस्या हैं, उन्हें हम सभी कार्यकर्ता मिलकर निदान करने का प्रयास करेंगे। भारतीय जनता पार्टी विश्व का सबसे बड़ा संगठन है, इसलिए संगठन को और मजबूत करने के लिए हमें बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को विशेष ध्यान देकर मजबूत करना पड़ेगा।

मौके पर अशोक केशरी, सुभानी उरांव, अनिल गुप्ता, किशोर साहू, श्रीराम केशरी, प्रवेश मिश्रा, रामनन्दन शाही, चंद्रभूषण पहान, गोपेश्वर महतो, शिव सिंह, अभिषेक केशरी, पिन्टू केशरी, प्रेम कुमार सिंह, प्रवेश मिश्रा, मुरारी केशरी, शम्भू केशरी, बिंदेश्वर सिंह, अभिमन्यु सिन्हा, प्रमोद केशरी, हरि शंकर शाही, दीपक उरांव, अयूब कोटवार, नेसार खान, श्रीकांत केशरी, बजरंग लाल गुप्ता, संजीत गुप्ता सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चिल्ड्रेन एजुकेशन एकडेमी का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** चिल्ड्रेन एजुकेशन एकडेमी रन्हे का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के निर्देशक विजय साहू ने बताया की विद्यालय से 21 विद्यर्थियों ने मैट्रिक का परीक्षा दिया था जिसमे सभी ने प्रथम श्रेणी से सफलता प्राप्त किया है। अमन साहु 95.50 प्रतिशत, निशांत कुमार 89 प्रतिशत, आकांक्षा उरांव 84 प्रतिशत, सुरज उरांव 84 प्रतिशत, आदित्य पासवान 84.40 प्रतिशत व एलिया ऐरिक ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। संकल्प कोचिंग सेंटर नवडिया के विद्यार्थियों ने मैट्रिक के परीक्षा में सत प्रतिशत रिजल्ट प्राप्त किया। कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर जयप्रकाश सिंह ने बताया कि कोचिंग सेंटर से 95 विद्यार्थियों ने मैट्रिक की परीक्षा दी थी जिसमें सभी ने अच्छे अंक प्राप्त कर सफलता हासिल किया है। जिसमें 83 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी वह 12 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से परीक्षा पास किया है। रोहित कुमार 89.20 प्रतिशत, प्रियंका चौरसिया 85.6 प्रतिशत व कुलदीप सिंह 82.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कोचिंग सेंटर का नाम रोशन किया है। स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल आदर का रिजल्ट सत प्रतिशत रहा। आर्यन कुमार प्रजापति 90.40 प्रतिशत, नेहा कुमारी 86.20 प्रतिशत व सतरंजन उरांव 84.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के निर्देशक राजेश कुमार महतो ने बताया कि 64 विद्यर्थियों ने मैट्रिक का परीक्षा दिया था जिसमें सभी ने सफलता हासिल किया है।

**शपथ पत्र**



शपथ पत्र संख्या 0769 दिनांक 22 मई 2023 के अनुसार मैं आलिया परवीन, पिता- शेख हफीज, निवासी ग्राम-किन्दिरकेला, पो.- मोरेंग, थाना-बसिया, जिला- गुमला- 835229, झारखंड एतद्वारा शपथपूर्वक ब्यान देती हूं, जो मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है।

1. यह कि मैं भारतीय नागरिक हूं एवं उपरोक्त वर्णित पते की निवासी हूं।
2. यह कि मेरे नाम से आधार कार्ड बना हुआ है, जिसका संख्या- 6106 2139 2237 है, जिसमें मेरा नाम- आलिया परवीन अंकित है।
3. यह कि लाडली लक्ष्मी योजना के कागजात में मेरा नाम- इब्सा प्रवीण अंकित है, जो कि मेरी वास्तविक नाम है। जिसका खाता संख्या-8600120008 है।
4. यह कि मैं इब्सा प्रवीण के नाम से जानी एवं पहचानी जाती हूं तथा मेरी यही वास्तविक नाम है।
5. यह कि मैं यह शपथ-पत्र अपनी सही दस्तखत से संपन्न कर सक्षम पदा. के समक्ष दाखिल करती हूं, ताकि मेरे आधार कार्ड में आलिया परवीन के जगह मेरा वास्तविक नाम- इब्सा प्रवीण अंकित किया जा सके एवं सुधार किया जा सके।
6. यह कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी में बिल्कुल सही एवं सत्य है।

# प्रेमी युगल ने एक ही फंदे में लटक कर दी जान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आयी है। जहां केरकी कलां गांव में एक प्रेमी जोड़े ने बंद कमरे में एक ही फंदे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की जानकारी मिलने के बाद छतरपुर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है और आगे की जांच में जुट गई है। इस मामले में बताया जा रहा है कि 21 वर्षीय मृतक नागेंद्र कुमार और 18 साल की सोनम कुमारी के बीच वर्षों से प्रेम संबंध चल रहा था। युवती के परिजनों ने युवती का विवाह कहीं और तय कर दिया था और अगले महीने ही शादी होने वाली थी। युवती इस शादी से नाखुश थी। इस बात की जानकारी मिलने के बाद नागेंद्र कुमार काम छोड़कर कुछ दिन पहले ही गांव लौटा था। सोमवार की देर रात युवती और युवक दोनों ने मृतक नागेंद्र कुमार के घर के एक कमरे में एक ही फंदे में फांसी लगाकर जान दे दी है।

### क्या कहते हैं एसपी

दोहरे आत्महत्या को लेकर पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि घटना की जानकारी मुझे मिली है। जानकारी के अनुसार प्रथम दृष्टया यह मामला प्रेम प्रसंग के कारण आत्महत्या की आशंका है। इसको लेकर पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अग्रेतर जांच चल रही है।

## मानव सेवा ही सही अर्थों में पूजा है: रागिनी सिंह

# श्री सर्वेश्वरी समूह ने खोली पनशाला

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** श्री सर्वेश्वरी समूह के मेदिनीनगर शाखा द्वारा बाईपास रोड स्थित ब्राइटलैंड स्कूल के समीप मंगलवार को पनशाला खोला गया। इसकी शुरूआत शाखा की उपाध्यक्ष सह ब्राइट लैंड स्कूल की चैयरमैन रागिनी सिंह ने परम पूज्य अघोरेश्वर भगवान राम व पूज्य गुरुपद संभव राम जी की तैलिय चित्र पर पुष्प अर्पित और पूजा अर्चना कर की। मौके पर श्रीमति सिंह ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह निरंतर सेवा के लक्ष्य को लेकर काम करती है। यह समूह मानव सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुये कार्य करती है, क्योकि परम पूज्य गुरुदेव जी का यह संदेश है कि ईश्वर द्वारा प्राण प्रतिष्ठित मानव की सेवा ही सही अर्थों में पूजा है। इसलिए किसी भी परिस्थिति में पीडित मानव की उपेक्षा नही होनी चाहिए। यथा संभव लोगों को अपने सामर्थ्य के अनुसार सेवा कार्य करना चाहिए। इससे समाज में सेवा का बेहतर वातावरण तैयार होगा। श्रीमति सिंह ने कहा पलामू में पड रहे प्रचंड गर्मी को देखते हुये समूह द्वारा पनशाला की शुरूआत कराया गया है। समूह के सेवा के 19 सूत्री सेवा के लक्ष्य में पनशाला खोलना भी है। ताकि राहगीरों को सहुलियत हो। मौके पर शाखा मंत्री प्रताप नारायण शाही, प्रचार मंत्री अनुराग कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष अन्ना डीएम पाल, ब्राइटलैंड स्कूल के निदेशक रंजीत सिंह, प्राचार्य राहुल सिंह, सुधीर सिंह, वामदेव मेहता, पुष्पिन्द्र कौर, रागिनी कुमारी, चिंसु सिंह, रश्मी राय, सुरेंद्र सिंह, प्रिती कुमारी, सुरभी सिंह, रायमा कुमारी, धीरज कुमार, अरविंद सिन्हा, उर्मिला कुमारी सहित कई लोग मौजूद थें।

# ऑपरेटरों के लिए आधार पंजीयन का प्रशिक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में आधार ऑपरेटरों के द्वारा नवीन पंजीयन, सुधार का कार्य लगातार किया जा रहा है लेकिन विगत कुछ दिनों में देखा गया है कि जिले के हितग्राहियों के आधार पंजीयन, सुधार की प्रक्रिया के उपरांत आवेदन निरस्त होते जा रहे हैं। इसी के मद्देनजर उप विकास आयुक्त रवि आनंद के निदेर्शानुसार मंगलवार को डीआरडीए सभागार में जिले के सभी आधार ऑपरेटरों के लिये प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में यूआईडीएआई के डीपीओ उदय प्रताप सिंह द्वारा सभी ऑपरेटरों को विस्तार पूर्वक ट्रेनिंग दी गयी।उन्होनें सभी ऑपरेटरों को ठीक तरीके से फॉर्म भरने, उसको अपलोड करने, बायोमेट्रिक आदि से संबंधित तमाम टेक्निकल पहलुओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने सभी ऑपरेटरों से कम से कम रिजेक्शन को ध्यान में रखते हुये कार्य संपादित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आधार एक जरूरी सेवा है ऐसे में आप सभी यह सुनिश्चित करें कि आप की ओर से कोई भी त्रुटि ना रहे। उन्होंने यूडीआईडी के सभी दिशानिर्देशों का दृढ़ता से अनुपालन करते हुये सभी योग्य व्यक्तियों का आधार बनाने की बात कही। मौके पर विभिन्न प्रखंडों के आधार ऑपरेटरों ने भाग लिया।

# बीडीओ ने उरसुला में किया पीडीएस दुकान का औचक निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**विश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम उरसुला में जनवितरण प्रणाली के दुकान का औचक निरीक्षण किया। जहां जनवितरण प्रणाली दुकान के डीलर इद्रीश अंसारी द्वारा भारी अनियमितता बरती जा रही थी। डीलर इद्रीश अंसारी द्वारा खाद्यान उठाव के बाद भी लाभुकों के बीच उसका सही माप-दंड के अनुसार वितरण नही किया जा रहा था। जिसकी शिकायत लाभुक बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम से की थी। लाभुक के शिकायत के आलोक में बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम उरसुला गांव में डीलर इद्रीश अंसारी के जनवितरण प्रणाली के दुकान का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीलर की कई खामियां व अनियमितता उजागर हुई। आवंटन, उठाव, वितरण व भंडारण पंजी एक दूसरे से मेल नही खा रहा है। बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम ने डीलर इद्रीश अंसारी से स्पस्टीकरण का मांग किया गया है। और स्टॉक में पड़े अनाज को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण वितरण का निर्देश दिया गया है। बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम ने कहा कि जनवितरण प्रणाली के दुकानों की जांच लगातार जारी रहेगी। किसी भी स्थिति में गरीबो का निवाला लूटने वाले दोषी डीलरों को बख्सा नही जायेगा।

# एसबीएस कॉलेज के अभिमन्यु ने राज्य में टॉप टेन में स्थान लेकर क्षेत्र का नाम रौशन किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**


अभिमन्यु कुमार

**हुसैनाबाद।** शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय का छात्र अभिमन्यु कुमार झारखंड बोर्ड 12वी साइंस की परीक्षा 2023 में झारखंड प्रदेश में दशवें व पलामू जिला में दूसरा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। अभिमन्यु कुमार मूलरूप से मोहम्मद गंज प्रखंड के लटपौरी गांव का निवासी है। शांति देवी व राजकुमार का पुत्र अभिमन्यु अपने तीन भाई बहनों में सबसे छोटा है। उसे इस परीक्षा में कुल 468 अंक मिले है। उसका प्रारंभिक शिक्षा गांव से वे मैट्रिक की परीक्षा स्तरोन्नत उच्च विद्यालय संढा से उतीर्ण किया है। अपनी इस उपलब्धि पर खुशी का इजहार करते हुये कहा कि आगे वह मेडिकल की तैयारी में जुटा है। चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करना अपना लक्ष्य बताया । उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। उसकी इस उपलब्धि पर कॉलेज के अध्यक्ष सह बिधायक कमलेश कुमार सिंह, सचिव सह बिधायक प्रतिनिधि अजित कुमार सिंह, प्राचार्य सचितानंद तिवारी, प्रो0 संजय कुमार सिंह, कंचन कुमार सिंह, अरबिंद सिंह, कृष्णा सिंह, अरुण कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार पाल आदि ने बधाई देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# सिखों के पांचवें गुरु के शहादत पर्व के अवसर पर लंगर का आयोजन



> सिखों के पांचवें गुरु अर्जन देव गुरु को उस समय गुरुगद्दी मिली जब मुगल बादशाह जहांगीर का शासनकाल था।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सिखों के पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी की शहादत पर्व के अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा और स्त्री सत्संग ने मिलकर मंगलवार को लंगर और शरबत वितरण का संयुक्त आयोजन किया।

आज के कार्यक्रम में सत्संग की ओर से बलवीर कौर, जसविंदर कौर, अरविंदर कौर डोली, अमरजीत कौर, चरणजीत कौर, हरप्रीत कौर हिना, रंजीत कौर मुख्य रूप से सहयोग दिया।

## हुसैनाबाद में भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

# भाजपा एक महीने तक चलायेगी जनसंपर्क अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** भाजपा के मंडल कार्यसमिति की बैठक जपला रिद्धि सिद्धि होटल में हुई। इसमें कार्यक्रम प्रभारी के रूप पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल कुमार सिंह, भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद कुमार सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता राम प्रवेश सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता तथा संचालन श्रवन अग्रवाल ने की। भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक में प्रभारी प्रफुल्ल कुमार सिंह ने कहा कि एक माह का जनसंपर्क महाअभियान भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा निर्धारित किया गया है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हर एक कार्यकर्ता को लाभुकों के बीच उपस्थित होकर विगत 9 वर्षों तक जन भावनाओं के सम्मान में किये गए कार्यों से लाभान्वित हुये लोगों से संपर्क करना हमारा लक्ष्य होगा। कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी कार्य को सफल करने के लिए अग्रिम योजना बनाकर सभी बिंदुओं पर विचार करना अनिवार्य होता है। जिससे कार्यक्रम में शत प्रतिशत सफलता प्राप्त होती है। मौके पर बिनोद कुमार सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार आवश्यक है। इसके लिए मोर्चा सहित सभी पदाधिकारियों को जिम्मेवारी दी गयी है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, भाजपा नेता संतोष कुमार सिंह, प्रशांत सिंह, नीरज सिंह, नागेंद्र उपाध्याय, सुभाष कुमार, मनोहर सिंह, उदय विश्वकर्मा तथा महिला मोर्चा से तृप्ति सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता बंधु शामिल थे।

# भाजपा की बैठक में केंद्र सरकार के कार्यो को घर-घर पहुंचाने का लिया गया निर्णय



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पाण्डू/पलामू।** जिले के पाण्डू मंडल कार्यालय में मंडल कार्य समिति की बैठक संपन हुई। इस बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रेमसागर सिंह और संचालन मंडल महामंत्री शंकर प्रसाद गुप्ता ने किया गया। बैठक में केंद्र सरकार की कार्यो को घर घर जाकर बताने और लोगों को जागरूक करने की रणनीति बनायी गयी और संगठन के विस्तार पर चर्चा किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संध्या सिंह, पूर्व जिला महामंत्री सह जिला कार्यसमिति सदस्य उपेंद्र नारायण सिंह, मंडल उपाध्यक्ष कन्हाई राम, मंडल उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह, मंडल मंत्री विमल चंद्रवंशी, सुखदेव राम, धनंजय गुप्ता, मंडल कोषाध्यक्ष अवधेश सिंह, जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष अभय सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष जनक शर्मा, ओबीसी मोर्चा सुशील शुक्ला, गोविंद सोनी, अध्यक्ष राधेश्याम विश्वकर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष मुनि देवी, किसान मोर्चा अध्यक्ष मनमोहन पांडेय, सुशील सिंह, एससी मोर्चा अध्यक्ष सरजू पासवान, मुना सिंह, शयाम किशोर सिंह, मंडल मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र विश्वकर्मा, शोशल मीडिया प्रभारी सोनू सोनी, शोशल मीडिया सह प्रभारी आशुतोष सुमन, धनंजय सिंह, महिला मोर्चा महामंत्री किरण सिंह, युवा मोर्चा महामंत्री मिथुन साह, शनि सिंह, उपाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, एससी मोर्चा महामंत्री सतीश पासवान, ओबीसी मोर्चा महामंत्री राजेश कुमार चन्द्रवंशी, मंडल कार्य समिति सदस्य अलख नारायण सिंह, बिनोद प्रजापति, अरबिंद चन्द्रवंशी, श्याम बिहारी बैठा, नंद किशोर चन्द्रवंशी, परिखा चन्द्रवंशी, अंकित सिंह, गुड्डु ठाकुर, रमाशंकर पाठक, धरणीधर पाठक, अयोध्या ठाकुर, राजेन्द्र चंद्रवंशी, लखन चन्द्रवंशी, नरेश चौधरी, जबीत साव, मनोज यादव, संजय साव, सुनील चन्द्रवंशी, संजय साव, राधेश्याम सिंह, बिनय यादव, मंजू देवी, रीता देवी, सबिता देवी, जगला कुंवर, नीतू देवी, सुभद्रा कुंवर, श्रीमती देवी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पीएम स्वनिधि योजना के लाभुकों का विशेष कैंप का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद नगर पंचायत के सभागार भवन में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभुकों को लोन मुक्त करने हेतु एक विशेष कैंप का आयोजन किया गया । इसमें निकाय के विभिन्न बैंकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कैंप में लगभग 54 आवेदन आये और बैंकों ने सारे आवेदनों को स्कूटनी कर एक सप्ताह के भीतर सभी को ऋण की राशि विमुक्त करने का वादा किया। इस कैंप में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी मोहम्मद परवेज, नगर मिशन प्रबंधक राकेश कुमार सिंह, सामुदायिक संगठन कर्ता धीरज कुमार गुप्ता और सभी सीआरपी मौजूद रहे। ऋण के रूप में प्रथम ट्रेंस में 10000 द्वितीय ट्रेंस में 20000 और तृतीय प्रिंस में 50000 की राशि प्रधानमंत्री स्व0 निधि योजना के अंतर्गत फुटपाथ विक्रेताओं को दी जानी है।

























# अधिग्रहण के खिलाफ ग्रामीणों ने कोलियरी कार्यालय को घेरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** धनबाद जिला ग्राम विकास समिति के बैनर तले सोनार बस्ती के ग्रामीणों ने मंगलवार को बस्ताकोला कोलियरी कार्यालय का 2 घंटे घेराव किया। इस दौरान ग्रामीणों ने जमकर बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी किया। समिति के अध्यक्ष भोला नाथ गोस्वामी ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन ने परियोजना विस्तार के लिए स्थानीय ग्रामीणों का जमीन अधिगहरण किया है। बीसीसीएल




प्रबंधन ने सोनार बस्ती के ग्रामीणों को रोजगार, पेयजल, सामुदायिक केंद्र, स्वास्थ्य सहित अन्य सुविधा देने का वादा किया था। परंतु बीसीसीएल प्रबंधन अपने वादे से मुकर रही है। उन्होंने कहा कि बस्ताकोला ओसीपी लोडिंग पॉइंट पर स्थानीय ग्रामीणों को 50% ट्रक लोडिंग में रोजगार दिया जाए अन्यथा ग्रामीण उग्र आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों के जमीन पर प्रबंधन द्वारा ओबी गिरा कर अवैध रास्ता बना दिया गया है। प्रबंधन तत्काल ग्रामीणों के जमीन से ओबी हटाए। वही घेराव का नेतृत्व कर रहे संतोष रवानी ने कहा कि ग्रामीण एकजुट हैं। जरूरत पड़ी तो ग्रामीण आर-पार की लड़ाई का शंखनाद करेंगे। ग्रामीणों के द्वारा घेराव की सूचना पर कई अधिकारी कोलियरी कार्यालय से गायब हो गए। ग्रामीणों ने अपना पांच सूत्री मांग पत्र कार्यालय में सौंपा। मौके पर रूपेश गुप्ता, संजय रवानी, कुंदन यादव, राहुल वर्मा, गंगा वर्मा, महेंद्र वर्मा, पिंटू रजवार, पप्पू वर्मा, मुन्ना रवानी, किशन बाउरी, राकेश गुप्ता, राहुल गुप्ता, सूरज वर्मा, प्रदीप कुमार, अजय कुमार आदि थे।

वही संबंध में परियोजना पदाधिकारी एके शर्मा का कहना है कि ट्रक लोडिंग के काम में स्थानीय लोगों को रोजगार देने का पहल प्रबंधन करेगी।

# बिजली व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ तो जदयू करेगा आंदोलन: दीप नारायण

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/कतरास।** इस भीषण गर्मी में कोयलांचल वासी सुचारू बिजली के लिए त्राहि त्राहि कर रहे हैं। जिले भर में बिजली की घोर कमी देखी जा रही है। जिससे विभाग के साथ साथ अब सरकार के प्रति भी लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। दूसरी ओर जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने बिजली की वर्तमान व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए विभाग के विरुद्ध



आंदोलन की चेतावनी दी है। दीप नारायण सिंह ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि इस भीषण गर्मी में बिजली विभाग द्वारा मात्र 6 से 8 घंटे तक बिजली आपूर्ति कर रही है। बिजली की आपूर्ति ठीक ढंग से नहीं होने के कारण आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस भीषण गर्मी में बिजली की समस्या के चलते जलापूर्ति भी प्रभावित हो रहा है। लोगों का इनवाइटर बैठ जा रहा है। उन्होंने विभाग को 48 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर बिजली व्यवस्था में सुधार नही की गयी तो जदयू आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत लेमन पार्क में डीवीसी ने किया पौधरोपण

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत मैथन परियोजना में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नेताजी नगर कॉलोनी स्थित लेमन पार्क में पौधरोपण किया गया। मौके पर मुख्य रूप से ए.के. दुबे ईडी (सिविल) और एचओपी डीवीसी, मैथन मौजूद रहे। श्री दुबे ने वहां मौजूद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से लगाए गए पौधों की बड़े होने तक देखभाल करने की अपील की और कहा कि वे जब भी खुद के द्वारा लगाए गये पौधों को देखें तो उन्हें गर्व महसूस हो। आगे उन्होंनें ने कहा कि पेड़ हमसे कभी कुछ नहीं लेते हैं, लेकिन वे हमें कितनी चीजें देते हैं। वे पर्यावरण के लिए




अच्छे दोस्त हैं। प्रकृति और मनुष्य एक दूसरे पर निर्भर हैं, अगर हमें भविष्य में भी जीवित रहना है तो हमें प्रकृति और पौधों का भी ध्यान रखना होगा। रोशन लाकड़ा, उप मुख्य अभियंता (सिविल), अनूप पुरकायस्थ, डीजीएम (प्रशासन), बंदन राय वरिष्ठ मंडल अभियंता, कौशलेंद्र कुमार, प्रबंधक, सीएसआर, परविंद कुमार, संयुक्त निदेशक निदेशक (एचआर), सुनील कुमार, संयुक्त निदेशक (एचआर), राजेश कुमार, कार्यपालक अभियंता, कुमारी श्यामली, उप. निदेशक (एचआर), संजय प्रियदर्शी, पीआरओ, अपूर्व साहा, सुरक्षा अधिकारी और कई अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# बिजली विभाग की लापरवाही के कारण करंट से हुई मवेशी की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** बीसीसीएल क्षेत्र संख्या 3 के विधुत विभाग के कर्मियों की बड़ी लापरवाही का मामला एक बार फिर देखने को मिला। ताजा मामला सोमवार शाम का है, करंट लगने से एक मवेशी की मौत हो गयी। जिसे देख विभागीय कमीर्यो ने स्विच रूम बन्द कर भाग गये। घटना के बाद बड़ी मस्सकत से किसी प्रकार ग्रामीणों ने बिजली कटवाया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बिजली कर्मियों के खिलाफ विरोध करते हुए मुआवजे की मांग को लेकर जीटीएस डेको आउटसोर्सिंग कंपनी का चक्का जाम कर दिया। स्थानीय ग्रामीण रामबालक यादव ने बताया कि बिजली पोल के आसपास सुबह से ही बिजली की करंट दौड़ रहा था,जिसकी सूचना स्थानीय लोगों ने बिजली घर जाकर कर्मियों को दिया था, परंतु विभाग के कर्मियों द्वारा टाल मटोल कर हमलोगों को वापस भेज दिया गया।

जिसके बाद उक्त स्थल के समीप कर रही मवेशी की जान चली गयी। उक्त मवेशी की कीमत डेढ़ लाख रुपया थी। जबतक डेढ़ लाख रुपये का मुआवजा नही मिल जाता तब तक हमलोग आउटसोर्सिंग कंपनी का काम बंद रखेंगे। मौके पर दर्जनों स्थानीय लोग मौजूद थे। कुछ दिन पूर्व भी बिजली पल में करंट आने से 3 लोगो की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी थी।

# सूर्या रियलकॉन सुपर डिवीजन टी-20 टूर्नामेंट का फाइनल डीएसए रेलवे ने जीता

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद क्रिकेट एसोसियेशन की ओर से आयोजित सूर्या रियलकॉन सुपर डिवीजन टी-20 टूनार्मेंट का फाइनल डीएसए रेलवे और टीसीए के बीच मंगलवार 23 मई को धनबाद के रेलवे ग्राउंड में खेला गया। डीएसए की टीम ने टीसीए को 75 रनों से हराकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। टीसीए की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। डीएसए रेलवे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 160 रन बनाए। डीएसए की और से आमिर हाशमी ने 30 गेंद पर नाबाद 50 रन और सी एम झा ने 19 गेंद पर नाबाद 23 रन बनाये। वही लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीसीए की टीम ने 15.4 ओवर में 85 रन बना कर ऑल आउट हो



गई। टीसीए की और से सर्वाधिक हिमांशु शर्मा 14 गेंद में 23 रन और कृष्णा ने 10 गेंद में 16 रन बनाए।डीएसए की और से सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले मनीष वर्धन को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मनीष ने 3 ओवर में14 रन देकर 3 विकेट झटके। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रेल एसपी आलोक प्रियदर्शी ने विजेता टीम को ट्रॉफी व नगद 5 हजार का पुरुस्कार दिया, जबकि टूनार्मेंट में उप विजेता रही टीसीए की टीम को रेलवे के सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार ने ट्रॉफी के साथ 3 हजार का नगद पुरुस्कार दिया। मौके पर एडीआरएम आशीष कुमार, डीसीए के अध्यक्ष मनोज कुमार, महासचिव विनय सिंह, उपाध्यक्ष बी एच खान,सुनील सिंह, संजीव राणा, रत्नेश सिंह आदी मौजूद थे।

# मैट्रिक की परीक्षा में इंदिरा गांधी और वासुदेव गांधी स्कूल का रहा शत प्रतिशत परिणाम








आजाद सिपाही संवाददाता

**लोयाबाद।** जैक बोर्ड की दसवीं की परीक्षा मे इंदिरा गांधी स्कुल लोयाबाद का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। मंगलवार को जारी परीक्षा परिणाम मे स्कुल के सभी 19 छात्र सफल रहे।14 छात्र प्रथम स्थान 2 द्वितिय एंव 3 छात्र तृतिय स्थान पाये।स्कुल के मोनू कुमार 80 प्रतिशत अंक लाकर स्कुल का टॉपर बना वही ताजुद्दिन अंसारी 79.60 लाकर दुसरा तथा हनिफा खानम 73.6 प्रतिशत अंक लाकर तिसरा स्थान प्राप्त की है।स्कुल के प्रिसिंपल सोमेन घोष ने सभी छात्र छात्राओ को शुभकामनाएं देते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की।घोष ने बताया कि पिछले कई वर्षो से स्कुल का परिक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है।वही पास हुए छात्रो ने सफलता का श्रेय स्कुल के शिक्षक शिक्षिकाओ सहित अपने माता पिता को दिया।

कहा कि बिना इनके यह परिणाम संभव नही था। वही बासुदेव गांधी स्मृति उच्च विद्यालय के मैट्रिक परीक्षा में अर्चना कुमारी 91.4 प्रतिशत अंक लाकर विधालय टॉपर बनी तथा उसकी सगी बहन अंजली कुमारी 89.2 अंक ला कर दुसरे स्थान पर रही।अंकिता कुमारी 85.2 अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही। विधालय में कुल 211 छात्र छात्राओं ने मैट्रीक का परीक्षा दिया था जिसमें 193 छात्र छात्राओं ने सफलता हासिल की। 68 छात्र छात्राएं प्रथम स्थान 99 छात्र छात्राएं दुतीय तथा 26 छात्र छात्राएं तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाध्यापक सिद्धेश्वर मन्ना ने सफल छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उसके मंगलमय जीवन की कामना की।

कहा कि दोनों बहनें काफी मेहनती थी जिसका परिणाम उसको मिला है।

# जून के अंतिम सप्ताह में स्थानीय मुद्दों को लेकर आंदोलन करेगी भाकपा माले



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को रोजगार व स्थानीयता के सवाल पर निरसा एरिया भाकपा माले कमिटि की बैठक मैथन रोड स्थित कार्यालय में हुई। बैठक में आगामी 30 मई को मासस-माले के संयुक्त आंदोलनात्मक कार्यक्रम के तहत,रोजगार व स्थानीयता के सवाल पर धनबाद जिला मुख्यालय पर आयोजित महाधरना में निरसा से माले की ओर से भारी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।साथ ही 1 जून को धनबाद में होने वाले आईसा के जिला सम्मेलन में निरसा से 50 स्टूडेंट्स को शामिल कराने की गारंटी की गई। जून माह के अंतिम सप्ताह में निरसा,एग्यारकुण्ड व केलियाशोल प्रखंड-अंचल कार्यालय पर रोजगार,स्थानीयता व अंचल-प्रखंड कार्यालय से संबंधित समस्याएं एवं रेलवे विस्तारिकरण में विस्थापित हुए लोगो के पुनर्वास के मुद्दे को लेकर धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। बैठक में एरिया सचिव नागेन्द्र कुमार,कृष्णा सिंह,मनोरंजन मलिक,हरेन्द्र सिंह,जगदीश शर्मा,गणेष महतो,बीपीन मंडल,लक्ष्मीनारायण दास,काशी कोयरी,असीम घोष,जितेंद्र शर्मा,रविन्द्र वर्णवाल,संजीत राऊत पंचानंद माजी,रंजीत मोदी,मुन्ना चौहान,राजनारायण महतो उपस्थित थे।

# कांटा घर चालू करने की मांग को लेकर जीएम से मिले डीओ धारक और मजदूर नेता

**जोगता/कतरास (आजाद सिपाही)।** कोलयरी के दर्जनों डियो धारक और मजदूर नेता मंगलवार को अपनी समस्यायों को लेकर सिजुआ बीसीसीएल कार्यालय पहुँचे। सभी ने जीएम संजय सिंह, सेल्स मैनेजर सौरभ सुमन, पलविन्द्र कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों से मुलाकात कर मोदीडीह डम्प 12 को यथाशीघ्र चालू करवाने का आग्रह किया। डीओ धारक व नेताओं ने पदाधिकारियों से कहा कि मोदीडीह कांटा 12 जो बनकर तैयार है ,उसे चालू करने से लोडिंग और ट्रांसपोटिंग की समस्या हल हो जाएगी। साथ ही प्रबन्धन से कोयला के क्वालीटी को ठीक करने और जल्द से जल्द कोयले का उठाव करने की मांग की। कहा कि जो कोयला रिफंड होता है उसमें इ,एम,डी,ना काटा जाए ताकि ट्रान्सपोटर और डी,ओ होल्डर को किसी भी प्रकार की परेसानी ना हो। मौके पर मुख्य रूप से सुरेश महतो, अनुज कुमार सिन्हा, जसीम अन्सारी, मिन्टु सिंह, अशोक ठाकुर, मनोज मल्लाह, दिपक कुमार, शशिकांत सिंह, जल्लु सिंह इत्यादि मौजूद थे।-

# सिद्ध साईं धाम झरिया के स्थापना दिवस पर निकली पालकी यात्रा में उमड़ी भक्तों की भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार/झरिया।** सिद्ध साईं धाम झरिया का 11वां स्थापना दिवस मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। मंदिर परिसर भागा रोड चार नंबर झरिया से निकली साईं पालकी व निसान शोभा यात्रा में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह में कांकड़ आरती से मंदिर में अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। इसके बाद साईं बाबा का जलाभिषेक अज्ञविशेष पूजा की गई। मंदिर परिसर से निकली साईं पालकी यात्रा में समाजसेवी व कमिटी लोग शामिल थे। शहर की परिक्रमा कर पालकी यात्रा फिर मंदिर में लौट आई। महिलाएं हाथ में निसान



लेकर साईं बाबा के जयकारे लगा रही थीं। दोपहर में नर नारायण सेवा व महाभंडारा हुआ। सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह भी मंदिर पहुंचीं व माथा टेक कर साई बाबा का आशीर्वाद लिया और परिवार एवं समस्त कोयलांचल वासियों के सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद रागिनी सिंह ने भक्तो के बीच भोग का प्रसाद वितरण किया। सिद्ध साईं धाम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अशोक वर्मा ने कहा कि इस वर्ष बाबा का 11 वा स्थापना दिवस मनाया गया। मंदिर व इलाके को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। सड़क पर तोरण द्वार भी बनाए गए हैं। देर रात तक भजन होगी।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RE-RDD/SD/HZB/28/01/2022-23 पी0आर0 संख्या 297168 Rural Development (23-24)#D में निम्न संशोधन किया जाता है:–

2.वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 25.05.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे
3.ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 25.05.2023 पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक 02.06.2023 को अपराह्न 5.00 बजे तक।
4.निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– 03..06.2023 अपराह्न 05:00 बजे तक।
5.निविदा खोलने का स्थान एवं समय :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग, 05.06.2023 अपराह्न 2:00 बजे।

निविदा की शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
हजारीबाग

PR 298104 (Rural Development)23-24*D

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का बज रहा है डंका : ढुल्लू महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** मंगलवार को भाजपा कतरास मंडल कार्यसमिति की बैठक हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने शिरकत की। सर्वप्रथम विधायक ने भाजपा के संस्थापक सदस्य डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी केंद्रीय नेतृत्व द्वारा



निर्धारित कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर कार्यकताओं को कई दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही कार्यकताओं को 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी के बेहतर प्रदर्शन की तैयारी में जुट जाने को कहा गया। विधायक ने उपस्थित कार्यसमिति सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नित नए नए कीर्तिमान गढ़ रहा है पूरा विश्व प्रधानमंत्री के नेतृत्व से प्रभावित हो रहे है। विश्व भर में भारत का डंका बज रहा। रक्षा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकाल में जो भारत दूसरे देशों पर निर्भर रहता था आज मोदी जी के नेतृत्व में भारत रक्षा उपकरण उत्पादन कर दूसरे देश को निर्यात कर रहा है। बैठक की अध्यक्षता कतरास मंडल अध्यक्ष भरत शर्मा ने किया जबकि संचालन कतरास मंडल महामंत्री प्रकाश राम गुप्ता ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला मंत्री, महेश पासवान, सूर्य देव मिश्रा, प्रभात मिश्रा, प्रिंस शर्मा, हरेंद्र सिंह, श्याम किशोर कल्लू, मुकेश झा, दिनेश उपाध्याय, धर्मेंद्र गुप्ता, सरोज विश्वकर्मा मौजूद थे।

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
एन0 आर0 ई0 पी0–2, राँची

अतिअल्पकालीन ई0 टेन्डर निविदा आमंत्रण सूचना

टेन्डर रिफ्रेन्स नम्बर – NREP-II/RANCHI/06/2022-23 Re-tender (2nd Call)
P.R. No. 292208 NREP (22-23) : D

| क्रमांक | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | निविदा शुल्क | अग्रधन की राशि | कार्य करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लापुंग प्रखंड अंतर्गत Bokranda स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 55,44,467.93 | 10,000.00 | 1,10,900.00 | 6 माह |
| 2 | सोनाहातू प्रखंड अंतर्गत Kotandag स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण। | 55,43,092.05 | 10,000.00 | 1,10,900.00 | 6 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 25.05.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 26.05.2023 से 01.06.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. कार्यालय कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0–2, राँची में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय 05.06.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय 06.06.2023 अपराह्न 02:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, एन0 आर0 ई0 पी0–2, राँची।
6. ई–निविदा प्रकोश्ठ का मोबाईल संख्या– 9523491111
7. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, एन0 आर0 ई0 पी0–2, राँची (विकास भवन) के पक्ष में, जो भारतीय स्टेट बैंक राँची शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
8. टेन्डर डॉक्यूमेंट के साथ Updated Ucan समर्पित करना Mandatory है।
9. प्राक्कलित राशि घट–बढ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. बिना कारण बताये किसी भी स्तर पर निविदा को रदद् करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
एन0 आर0 ई0 पी0–2, राँची

PR 298149NREP(23-24)#D







देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in


# किसानों का फसल बीमा 3 साल के लिए मुफ्त होगा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक ने आज राज्य के समबाय विभाग के कार्यक्रम की समीक्षा की. इस अवसर पर समबाय मंत्री अतनु सब्यसाची नायक ने विभागीय उपलब्धियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। समीक्षा के बाद मंत्री नायक ने बड़ी जानकारी दी. किसानों का फसल बीमा अगले तीन साल के लिए पूरी तरह मुफ्त होगा। 2023 खरीफ से 2025-26 रबी तक किसानों के प्रीमियम का खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। ओडिशा के किसानों के लिए की गई यह पहल पूरे देश में अनूठी है। समबाय विभाग के विभिन्न उपलब्धि में से एक राज्य के किसानों को कृषि ऋण का प्रावधान है। ओडिशा राज्य समबाय बैंक, 17 केंद्रीय समबाय बैंक और 2710 प्राथमिक कृषि ऋण समबाय समितियां ओडिशा में त्रिस्तरीय अल्पकालिक सहकारी ऋण प्रणाली के तहत किसानों को सही समय पर और आसान सुविधाओं या अलग-अलग ब्याज पर कृषि ऋण प्रदान कर रही हैं। इसी प्रकार चुनावी वादे के अनुसार सरकार ने ब्याज मुक्त ऋण की राशि 50 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये कर दी है, जिससे वर्ष 2022-23 में राज्य में 7 लाख से अधिक अतिरिक्त छोटे और नाममात्र किसान परिवार को 16683.57 करोड़ कृषि ऋण प्रदान किया गया है. इसी तरह सरकार ने किसानों को प्राकृतिक आपदा से बचाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की है तथा वर्ष 2021-22 के लिए 31.93 लाख किसानों को 1166.02 रुपये की बीमा राशि दी गई है। 2023-24 से योजना में सुधार किया गया है और अधिक किसानों को योजना में शामिल किया गया है।

# सोआ में एनएसएस सांस्कृतिक उत्सव आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** राज्य सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव बिष्णुपद सेठी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) में भागीदारी छात्रों के व्यक्तिगत जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करती है। बिष्णुपदा सेठी ने रविवार को एनएसएस स्टेट कल्चरल फेस्ट इन एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेते हुए कही।

इस अवसर पर सोआ के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार नंद शामिल हुए और उन्होंने 'वसुधैव कुटुम्बकम' के मुद्दे पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में राज्य एनएसएस अधिकारी और उप शासन सचिव उच्च शिक्षा विभाग के रमेश चंद्र बेहेरा, एनएसएस क्षेत्रीय निदेशक सरिता पटेल, सोआ एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक प्रो नचिकेता के शर्मा, सोआ छात्रमंगल डीन प्रो ज्योति रंजन दास और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो कमललोचन महंत ने भाषण दिया।

# संबलपुर शहर और मानेश्वर के बीच किया जा रहा है आधुनिकीकरण कार्य

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)** संबलपुर शहर और मानेश्वर के बीच दोहरी लाइन चालू करने के लिए आधुनिकीकरण कार्य किया जा रहा है। इस कारण कई ट्रेनें प्रभावित होंगी।

**ट्रेनों का पुनर्निर्धारण :** 20472 पुरी-बीकानेर एक्सप्रेस 24 मई को 0635 बजे पुरी से उसी दिन 0835 बजे पुरी से प्रस्थान करेगी। 20917 इंदौर-पुरी एक्सप्रेस 23 मई को 1500 बजे इंदौर से उसी दिन 17 बजे प्रस्थान करेगी। 18311 संबलपुर-बनारस द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस संबलपुर से 24 मई को 1305 घंटे के बजाय 15.50 बजे रवाना होगी। 18478 ऋषिकेश-पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस 23 मई को ऋषिकेश से 5.35 बजे के बजाय 9.20 बजे रवाना होगी।

**ट्रेनों का रद्द होना :** 18125/18126 राउरकेला-पुरी-राउरकेला एक्सप्रेस 24 मई को दोनों दिशाओं से। 18107/18108 राउरकेला-जगदलपुर-राउरकेला इंटर सिटी एक्सप्रेस दिनांक 24 मई को दोनों दिशाओं से।

**ट्रेनों का आंशिक रद्दीकरण :** 18125/18126 राउरकेला-पुरी राउरकेला एक्सप्रेस दोनों दिशाओं से 23 मई को तथा 25 से 30 मई तक पुरी एवं संबलपुर के बीच रद्द रहेगी। 12893/12894 भुवनेश्वर-बलांगीर-भुवनेश्वर इंटर सिटी एक्सप्रेस 23 से 30 मई तक दोनों दिशाओं से जुजोमुरा और बलांगीर के बीच दोनों दिशाओं से रद्द रहेगी। 12871 हावड़ा-टिटिलागड इस्पात एक्सप्रेस 24 मई को हावड़ा से चक्रधरपुर तक चलेगी और 22862 कंटाबाजी-हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस के रास्ते वापस चक्रधरपुर से हावड़ा के लिए विशेष ट्रेन के रूप में वापस आएगी। 22862 कंटाबाजी-हावड़ा इस्पात एक्सप्रेस 24 मई को कंटाबाजी से झारसुगुड़ा तक चलेगी और 12871 हावड़ा-टिटिलागड इस्पात एक्सप्रेस के रास्ते झारसुगुड़ा से टिटिलागड के लिए विशेष ट्रेन के रूप में वापस आयेगी। 18452 पुरी-हटिया तपस्विनी एक्सप्रेस 23 मई को पुरी से संबलपुर तक चलेगी और 18451 हटिया-पुरी तपस्विनी एक्सप्रेस 24 मई को वापस संबलपुर से पुरी लौटेगी। 18451/18452 पुरी-हटिया-पुरी तपस्विनी एक्सप्रेस की सेवाएं संबलपुर-हटिया-संबलपुर के बीच दोनों दिशाओं से रद्द रहेंगी।

**ट्रेनों का डायवर्जन :** 20817/20818 भुवनेश्वर-नयी दिल्ली-भुवनेश्वर राजधानी एक्सप्रेस 27 मई को भुवनेश्वर से और नई दिल्ली से 28 मई को भुवनेश्वर-संबलपुर सिटी-झारसुगुड़ा-राउरकेला-चक्रधरपुर के बजाय परिवर्तित मार्ग से भुवनेश्वर-जखपुरा-जरोली-राजखरसावां होकर चलेगी -राजखरसावन दोनों दिशाओं से। 20807 विशाखापत्तनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस 27 मई को विशाखापत्तनम से विजयनगरम-भुवनेश्वर-संबलपुर के बजाय परिवर्तित मार्ग विजयनगरम-टिटिलागड-संबलपुर मार्ग पर चलेगी।

**ट्रेनों का नियमन:** 12836 बंगलोर-हटिया एक्सप्रेस दिनांक 23 मई को बंगलौर से आधुनिकीकरण कार्य के निर्माण के लिए उपयुक्त मार्ग से नियंत्रित किया जायेगा।

# एमसीएल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 76वीं बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय, जागृति विहार में मंगलवार को राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 76वीं समीक्षा बैठक केशव राव, निदेशक एमसीएल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्रों एवं मुख्यालय के राजभाषा पदाधिकारीगण उपस्थित हुए। अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि एमसीएल के सभी क्षेत्रों एवं विभागों में भारत सरकार के राजभाषा संबंधी दिशानिदेर्शों का पालन किया जा रहा है। बैठक के प्रारंभ में कृष्ण मुरारी प्रसाद, महाप्रबंधक ने कहा कि एमसीएल के सभी क्षेत्रों एवं मुख्यालय के विभागों में हिंदी पत्राचार आदि में पिछली तिमाही की अपेक्षा वृद्धि हुई है, जो कि प्रशंसनीय है। बैठक में भारत सरकार के राजभाषा वार्षिक कार्यक्रम,2023-24 पर चर्चा की गयी तथा इसे पूर्ण रूप से कार्यान्वयन करने की सलाह अध्यक्ष द्वारा दी गयी। बीआर साहू कलिहारी, प्रबंधक ने पिछली बैठक में लिये गये निर्णय पर कृत कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में क्षेत्रों एवं मुख्यालय के विभागों से प्राप्त तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा की गई और जिन-जिन कार्यालयों में पिछली तिमाही की अपेक्षा इस तिमाही में राजभाषा पत्राचार आदि मदों में वृद्धि हुई है, उन्हें अध्यक्ष द्वारा हिंदी पुस्तक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुनमुन अग्रवाल, अनुवादक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की समाप्ति हुई।

# एनटीपीसी तलचर थर्मल का पखवाड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी तलचर थर्मल 16 से 31 मई तक स्वच्छता पखवाड़ा - 2023 मना रहा है। इस अवधि के दौरान, टाउनशिप और आसपास के गांवों में स्वच्छता विषय पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिनमें बाद-विवाद प्रतियोगिताएं, ड्राइंग / पेंटिंग, क्विज शामिल होंगे। एनटीपीसी टाउनशिप और संयंत्र क्षेत्रों में नालों की सफाई की जायेगी। कूड़ेदान सामान्य स्थानों/सार्वजनिक क्षेत्रों/स्कूलों/पार्कों आदि पर उपलब्ध कराए जायेंगे। तालचेर थर्मल में स्वच्छता अभियान के तहत आज सुबह डीएवी पब्लिक स्कूल, तालचेर थर्मल से एक वॉकथॉन का आयोजन किया गया, जिसमें GEM (गर्ल्स एम्पावरमेंट मिशन) में भाग लेने वाले सभी 40 बच्चे, तालचेर थर्मल प्रमुख गौतम देव, सभी महाप्रबंधक और अन्य एनटीपीसी कर्मचारी, परिवार और बच्चे, सीआईएसएफ परिवार और बच्चे और अन्य सहयोगियों ने भाग लिया। इस अवसर पर GEM के बच्चों ने समाज में स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए स्वच्छता और हमारा समाज विषय पर एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। बच्चों ने स्वच्छता विषय पर सुंदर बैनर और प्लेकार्ड भी तैयार किये। श्री गौतम देब, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी तलचर थर्मल द्वारा स्वच्छता शपथ भी दिलायी गयी।












# सिविल सर्विसेस में उड़िया को सफलता

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को आईएएस-2022 का रिजल्ट प्रकाशित हुआ है। यूपीएससी की परीक्षा में इस बार 180 लोगों को आइएएस, 38 को आईएफएस और 200 को आईपीएस मिला है। इस बार उड़िया को अच्छे नतीजे मिले हैं। अनूप दास 38वीं रैंक पर हैं, प्रणिता दास 42वीं रैंक पर हैं, अर्णव मिश्र 56वीं रैंक पर हैं, कीर्तिका मिश्र और कस्तूरी पंडा 67वीं रैंक पर हैं, पल्लवी मिश्र 73वीं रैंक पर हैं, सिद्धार्थ मिश्र 106वीं रैंक पर हैं और सौम्यरंजन दास 136वीं रैंक पर हैं। इसी प्रकार अभिनव द्विवेदी 137वें, सोनाली मिश्र 140वें, माधव उपाध्याय 148वें, सुरभि पाठक 156वें, दुर्गा प्रसाद अधिकारी 162वें, लक्ष्मी उपाध्याय 176वें रैंक पर है।

# सिद्धारमैया पांच साल तक बने रहेंगे सीएम : मंत्री

**बेंगलुरू (आजाद सिपाही) ।** कर्नाटक में सरकार गठन से पहले सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार के बीच सीएम और डिप्टी सीएम पद को लेकर चल रही खींचतान पर फिलहाल भले ही विराम लग गया हो, लेकिन ढ़ाई-ढ़ाई साल के सीएम को बारे में अटकलें जारी हैं। इस बीच, राज्य के एक वरिष्ठ मंत्री एमबी पाटिल ने दावा किया है कि सिद्धारमैया पूरे पांच साल तक सीएम बने रहेंगे। वहीं, डीप्टी सीएम शिवकुमार ने पाटिल के बयान को लेकर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कोई भी कुछ भी कह सकता है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव वहां हैं, मुख्यमंत्री वहां हैं और एआईसीसी अध्यक्ष हैं। वे इसे देखेंगे। मंत्री पाटिल के इस बयान पर डिप्टी सीएम शिवकुमार ने नाराजगी जताते हुए कोई भी प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि कोई भी कुछ भी कह सकता है। उन्हें वो कहने दें जो वे चाहते हैं। आईसीसी महासचिव वहां हैं, मुख्यमंत्री वहां हैं और एआईसीसी अध्यक्ष भी वहां हैं। वे इसे देखेंगे।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**